# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024





महाराष्ट्र में नामांकन के आखिरी दिन बड़ा खेल

# अजित ने नहीं माना बीजेपी का 'प्रेशर', नवाब को दिया टिकट

## मानखुर्द विधानसभा सीट से बनाया उम्मीदवार



एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय जनता पार्टी के पॉलिटिकल प्रेशर के बावजूद अजित पवार ने मुंबई के कद्दावर नेता नवाब मलिक को मानखुर्द विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। नामांकन के आखिरी दिन नवाब मलिक को मानखुर्द सीट के लिए एनसीपी का ए और बी फॉर्म सौंपा गया है। यह ए और बी फॉर्म अजित गुट की तरफ से ही नवाब मलिक को मिला है। मतलब नवाब अब इस सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। इसे बड़ा सियासी खेल कहा जा रहा है। वहीं नामांकन दाखिल करने के बाद नवाब मलिक ने कहा कि मैंने निर्दलीय और एनसीपी के पर्चे पर नाम दाखिल किया है। एनसीपी का पर्चा वापस होता है तो मैं निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा। दरअसल, अणुशक्तिनगर से विधायक नवाब मलिक को टिकट नहीं देने का लगातार बीजेपी दबाव बना रही थी। इस दबाव की वजह से अजित ने शुरू में इस सीट से उनका टिकट काट उनकी बेटी सना मलिक को सिंबल दे दिया। इसी बीच नवाब मलिक ने मानखुर्द से पर्चा भरने की घोषणा कर दी। नवाब के इस स्टैंड के बाद बीजेपी के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेल्लार ने सार्वजनिक तौर पर बयान दिया कि हम किसी दाऊद के समर्थक को उम्मीदवार नहीं बना सकते हैं। शेल्लार के इस बयान के बाद अजित दिल्ली पहुंच गए थे, जहां पर उम्मीदवार सिलेक्शन पर उनकी बीजेपी हाईकमान से लंबी चर्चा हुई थी।

### भाजपा को नवाब मलिक से क्या है दिक्कत?

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस लंबे समय से नवाब मलिक का विरोध करते आए हैं। जब महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की सरकार थी, तब देवेंद्र फणडवीस नेता प्रतिपक्ष थे। फडणवीस ने उस समय नवाब मलिक पर भारत के घोषित आतंकी दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी से जुड़े होने के आरोप लगाए थे। नवाब मलिक ने एक मामले में फडणवीस की पत्नी अमृता पर भी निशाना साधा था। मलिक ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था कि आखिर **BJP** और ड्रग पेडलर का क्या कनेक्शन है? इसके बाद फडणवीस ने **D** कंपनी को लेकर नवाब मलिक पर कई आरोपों की झड़ी लगा दी थी। महाविकास अघाड़ी सरकार में मंत्री रहे नवाब मलिक दाऊद इब्राहिम और उनसे जुड़े लोगों से पैसे लेने के आरोप में जेल जा चुके हैं। उन्हें इसी साल इन आरोपों में जमानत मिली है।

### सपा के अबू आजमी से मुकाबला

मानखुर्द शिवाजीनगर से इंडिया गठबंधन ने सपा के अबू आजमी का समर्थन किया है। फायरब्रांड अबू आजमी इस सीट से 2019 में चुनाव जीत चुके हैं। अबू आजमी महाराष्ट्र में अखिलेश यादव की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। मानखुर्द में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या को देखते हुए ही यहां से पार्टियां मुस्लिम उम्मीदवार उतारती है।

### महायुति में सीट शेयरिंग पर बनी सहमति


महायुति के घटक दलों के बीच महाराष्ट्र की 288 सीटों पर सहमति बन गई है। भारतीय जनता पार्टी 148 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना के पाले में 80 सीटें आई हैं। वहीं, अजित पवार की एनसीपी ने 53 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। महायुति ने अपने कोटे से अन्य छोटे दलों को भी 6 सीटें दी हैं। साथ ही गठबंधन राज ठाकरे की पार्टी एमएनएस को एक सीट शिवडी पर समर्थन करेगा।

### भाजपा को एक और झटका, पूर्व विधायक एमएनएस में शामिल

महाराष्ट्र में बीजेपी को एक और झटका लगा है। बीजेपी की नेता और पूर्व विधायक तृप्ति सावंत ने पार्टी का दामन छोड़कर राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना में शामिल हो गई हैं। इसके बाद उन्हें बांद्रा पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से एमएनएस का उम्मीदवार भी घोषित कर दिया गया है। इस सीट से बाबा सिद्दीकी के बेटे और विधायक जीशान सिद्दीकी चुनाव लड़ रहे हैं। बता दें 2015 के बांद्रा पूर्व विधानसभा उपचुनाव में तृप्ति सावंत ने शिवसेना के टिकट पर नारायण राणे को हराया था।

# हिजबुल्लाह ने चुना नया चीफ, साइंस ग्रेजुएट कासिम को कमान

**बेरूत।** इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत के बाद बाद अब संगठन ने अपने नए नेता का चुनाव कर लिया है। डिप्टी सेक्रेटरी नईम कासिम को हसन नसरल्लाह के उत्तराधिकारी के रूप में चुना गया है। कासिम को संगठन के सबसे शुरुआती सदस्यों में से एक बताया गया है। हिज्बुल्लाह के गठन के बाद से ही वह इसमें महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाता रहा है, और संगठन के के भीतर उसकी पहचान एक प्रमुख रणनीतिज्ञ की है। कासिम ने 1970 के दशक में लेबनान विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में बीएससी की डिग्री हासिल की। कासिम फ्रेंच, अंग्रेजी, अरबी, फारसी समेत कई भाषाओं का जानकार है। कासिम ने 'हिज्बुल्लाहः द स्टोरी फ्रॉम विदिन' नाम की किताब लिखी है, जिसमें हिज्बुल्लाह बनने और उसकी विचारधारा का विवरण है।



■ फ्रेंच, अंग्रेजी सहित आधा दर्जन भाषाओं का जानकार

### इस वक्त ईरान में है कासिम

नईम कासिम इस वक्त ईरान में है। इजरायली हमले में हसन नसरल्लाह और हाशेम सफीद्दीन समेत हिजबुल्लाह के शीर्ष नेता मारे जा चुके हैं। माना जा रहा था कि कासिम इजरायल का अगला टारगेट हो सकता है। इजरायल ने हिजबुल्लाह के शीर्ष नेतृत्व को लगभग खत्म कर दिया है। मारे गए नेताओं में हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह, संस्थापक सदस्य फौद शुकर, शीर्ष कमांडर अली कराकी, केंद्रीय परिषद के उप प्रमुख नबील कौक, ड्रोन यूनिट प्रमुख मोहम्मद सरूर, मिसाइल यूनिट चीफ इब्राहिम कुबैसी, ऑपरेशन कमांडर इब्राहिम अकील और वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद नासिर शामिल हैं।

# भारत-चीन सीमा से पीछे हटे सैनिक, अस्थाई निर्माण भी हटा


देपसांग-डेमचोक में पूरा हुआ डिसइंगेजमेंट

अब जल्द शुरू होगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख के देपांग और डेमचोक इलाकों में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पीछे हटने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) दोनों ही वर्तमान में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास संवेदनशील क्षेत्रों में कर्मियों की वापसी और सैन्य बुनियादी ढांचे को खत्म करने की पुष्टि कर रही हैं। सत्यापन प्रक्रिया दोनों सेनाओं द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जाएगी, जिसमें यह पुष्टि करना शामिल है कि सहमत शर्तों के अनुसार पदों को खाली कर दिया गया है और प्रतिष्ठानों को हटा दिया गया है। सूत्रों ने कहा,'वर्तमान में, विश्वास के आधार पर काम किया जा रहा है।'

## अब भी कई मुद्दे हैं लंबित, जिन पर होगी चरणबद्ध चर्चा




### 2020 के पहले की व्यवस्था होगी बहाल

बता दें कि यह घटनाक्रम विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर द्वारा 27 अक्टूबर को कहा गया था कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे, जो अप्रैल 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने से पहले की व्यवस्था को बहाल करेगा। पिछले हफ़्ते भारत ने घोषणा की थी कि उसने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त करने के लिए चीन के साथ समझौता कर लिया है, जो इस क्षेत्र में चार साल से चल रहे सैन्य गतिरोध को समाप्त करने में एक बड़ी सफलता है। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए जयशंकर ने कहा था कि देपसांग और डेमचोक में गश्त और पीछे हटने पर सहमति बन गई है। हमें उम्मीद है कि 2020 की स्थिति बहाल हो जाएगी।' एलएसी पर गश्त करने पर चीन के साथ सफल समझौते का मतलब यह नहीं है कि दोनों देशों के बीच मुद्दे सुलझ गए हैं। जयशंकर ने पुणे में एक कार्यक्रम में कहा था,'(सैनिकों के पीछे हटने का) नवीनतम कदम 21 अक्टूबर को हुआ समझौता था जिसके तहत देपसांग और डेमचोक में गश्त की जाएगी। इससे अब हम अगले कदम पर विचार कर सकेंगे। ऐसा नहीं है कि सब कुछ हल हो गया है, लेकिन सैनिकों के पीछे हटने का पहला चरण है और हम उस स्तर तक पहुंचने में सफल रहे हैं।'

### चार बफर जोन के बारे में कोई चर्चा नहीं

गलवान क्षेत्र सहित चार बफर जोन के बारे में अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। सूत्रों ने कहा कि कोर कमांडर स्तर पर चर्चा बफर जोन में गश्त फिर से शुरू करने की संभावना पर फैसला करेगी, जो डेमचोक और देपसांग क्षेत्रों में गश्त की सफल शुरुआत के बाद होगी। दोनों देशों के स्थानीय सैन्य कमांडर दिन के लिए नियोजित कार्यों का समन्वय करने के लिए प्रत्येक सुबह हॉटलाइन पर दैनिक चर्चा में लगे हुए हैं। इसके अतिरिक्त, वे प्रोटोकॉल की समीक्षा और संरेखण के लिए प्रतिदिन एक या दो बार निर्दिष्ट बिंदु पर व्यक्तिगत बैठकें करते हैं।

# मंदिर में उत्सव के दौरान पटाखों में विस्फोट, 150 घायल




**तिरुवनन्तपुरम।** केरल के नीलेश्वरम के पास सोमवार को एक मंदिर उत्सव के दौरान आतिशबाजी दुर्घटना में 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें से 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पटाखों के एक स्टोर में आग लगती हुई दिखाई दे रही है। कुछ सेकंड बाद, मंदिर उत्सव स्थल पर एक बड़ा विस्फोट हुआ। पुलिस ने बताया कि बिना अनुमति आतिशबाजी करने और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में मंदिर समिति के 8 सदस्यों के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि लापरवाही के कारण आतिशबाजी भंडारण क्षेत्र में आग लग गई।

### ऐसे हुई दुर्घटना

पुलिस ने बताया कि घायलों को कासरगोड, कन्नू और मैंगलोर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा संदेह है कि यह दुर्घटना वीरकावु मंदिर के पास आतिशबाजी भंडारण सुविधा में आग लगने से हुई। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना आधी रात के आसपास हुई। कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख सहित जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। बताया गया कि 33 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन

दीप पर्व पर सभी प्रदेशवासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं...

- मां महालक्ष्मी की कृपा से हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश धन- धान्य और सुख-संपदा से परिपूर्ण रहे।
- गांवों से लेकर शहरों तक हर क्षेत्र में विकास और समृद्धि की रोशनी हो।
- माताओं- बहनों की हथेली हमेशा धन-धान्य से परिपूर्ण रहे।
- खेतों में समृद्धि की फसल लहराए और किसानों के भंडार हमेशा अन्न से भरे रहें।
- बच्चे- युवा सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हों और उनके सपने साकार हों।
- सभी के जीवन में सुख- संपन्नता आए और तरक्की का प्रकाश हो।
- समृद्धि की मुस्कान सभी के चेहरों पर खिले, आपसी प्रेम और भाईचारा हो।

इन शुभकामनाओं के साथ एक विनम्र अपील भी है कि दीपावली के मौके पर स्थानीय कुम्हारों के हाथों से बने मिट्टी के दीपों से अपने घर सजाएं और त्यौहारों में स्थानीय उत्पादकों से खरीदी कर उनकी भी दीपावली को खुशियों से रोशन कर दें...



पुनः शुभकामनाओं सहित
विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# अजब-गजब प्रत्याशी, किसी ने पिता की अंतिम इच्छा पूरी करने तो किसी ने लड़ना है, सोचकर भर दिया पर्चा

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर लोकसभा चुनाव की तरह रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भी बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। उपचुनाव के लिए 46 प्रत्याशियों ने नामाकन दाखिल किया है, जिनमें 34 निर्दलीय प्रत्याशी हैं। इन निर्दलीय प्रत्याशियों में कई प्रत्याशी अजब-गजब भी हैं, जिनमें कोई मोहल्ले के कुछ लोगों के कहने पर चुनावी मैदान पर कूद पड़ा है, तो किसी ने सिर्फ चुनाव लड़ना है सोचकर नामांकन दाखिल किया है, तो कोई अपने पिता की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए चुनाव लड़ रहा है। यही नहीं, नामांकन दाखिल करने वाले निर्दलीय प्रत्याशियों में एक प्रत्याशी करीब ढाई सौ किलोमीटर दूर बस्तर के ▶▶|शेष पेज 2 पर

*हरिभूमि से चर्चा में निर्दलीय प्रत्याशियों ने बताया- चुनाव लड़ने का विचार कैसे और क्यों आया*


जयंत अग्रवाल


नंदनी नायक


सबिस्ता खान

## लड़ेंगे तभी तो जीतेंगे चुनाव

टिकरापारा रायपुर निवासी सबिस्ता खान ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पर्चा भरा है। उन्होंने बताया कि वह पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रही हैं। पेशे से वह शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दल का प्रत्याशी हो, चुनाव जीतने के बाद वह अपने वादों के अनुरूप काम नहीं करता। छोटे-छोटे काम के लिए लोगों को धक्के खाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी के लिए चुनाव जीतना आसान नहीं है, लेकिन लड़ेंगे तो ही चुनाव जीतेंगे।

## पिता की अंतिम इच्छा पूरी करने चुनाव में उतरा

पुरानी बस्ती रायपुर निवासी जयंत अग्रवाल ने बताया कि उसके पिता की अंतिम इच्छा थी कि वह चुनाव लड़े। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उसके पिता का निधन हुआ था। मृत्यु से पूर्व उसके पिता ने जयंत से कहा था कि उसके जाने के बाद वह कोई भी चुनाव हो उसमें प्रत्याशी के रूप में जरूर खड़ा होना। जयंत ने बताया कि पिता की मृत्यु होने के बाद सबसे पहले उपचुनाव हो रहा है, इसलिए वह अपने पिता की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए इस चुनाव में खड़ा हुआ है। उसका मानना है कि चुनाव में हर कोई जीत के लिए खड़ा होता है, लेकिन उसके पिता का मानना था कि हार से ही व्यक्ति को अनुभव मिलता है। यह अनुभव ही उसे आगे जीत की राह की ओर ले जाता है।

## चुनाव लड़ना है, सोचकर नामांकन भर दिया

कुंदरापारा बैरनबाजार निवासी नंदिनी नायक ने भी उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। यह दूसरी बार है जब वह विधानसभा में चुनाव लड़ेंगी। वर्ष 2023 में इसी सीट से चुनाव लड़ चुकी नंदनी के पक्ष में उस समय 135 वोट ही पड़े थे, जिसके कारण उसकी जमानत राशि भी जब्त हो गई थी। नंदनी गरीब वर्ग से है। उसका पति ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का जीवन-यापन करता है। नंदनी का कहना है कि चुनाव जीतने के लिए पैसों की जरूरत पड़ती है, जिसके बिना चुनाव जीतना मुश्किल है, लेकिन उसका उद्देश्य चुनाव जीतना नहीं है। वह सिर्फ यह सोचकर चुनाव लड़ती है कि उसे चुनाव लड़ना चाहिए।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में झारखंड और छत्तीसगढ़ में कार्रवाई

# ईडी का बड़ा एक्शन, आईएएस चौबे समेत अफसरों के 15 ठिकानों पर छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रांची/रायपुर

खास खबर

प्रवर्तन निदेशालय के झारखंड कार्यालय द्वारा धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत हाल में एक आपराधिक मामला दर्ज किए जाने के बाद रांची और रायपुर में 15 परिसरों पर छापे मारे गए। छापेमारी के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दलों ने प्रवर्तन निदेशालय के दलों को सुरक्षा प्रदान की। ईडी ने छत्तीसगढ़ पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा रायपुर में सात सितंबर को दर्ज की गई प्राथमिकी का संज्ञान लिया, जिसमें चौबे, छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर, भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी और चार अन्य के नाम शामिल हैं। ईडी अफसरों ने बताया कि झारखंड काडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी एवं वर्तमान में झारखंड पंचायती राज विभाग के सचिव चौबे, राज्य के आबकारी विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह, शराब व्यापारियों और संबंधित व्यक्तियों के परिसरों की तलाशी ली जा रही है। चौबे राज्य में 2022 की आबकारी नीति के कार्यान्वयन के ▶▶|शेष पेज 2 पर

*ईडी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने झारखंड के आईएएस अफसर विनय कुमार चौबे, कुछ अन्य सरकारी अफसरों और झारखंड व छत्तीसगढ़ में कई शराब व्यापारियों एवं बिचौलियों से संबद्ध परिसरों पर छापेमारी की। इससे पहले, मई में झारखंड के पूर्व मंत्री के करीबी के घर पर ईडी ने छापेमारी की थी, जिसमें करोड़ों रुपए कैश बरामद किए गए थे।*

## अफसरों के अलावा शराब व्यापारी और बिचौलियों पर भी कार्रवाई

### निविदा की शर्तों में हेरफेर

प्राथमिकी के मुताबिक चौबे और गजेंद्र सिंह के संरक्षण में शराब आपूर्ति के लिए निविदा आवंटित करने के लिए ढेबर और उसेके 'सिंडिकेट' की प्लेसमेंट एजेंसियों ने निविदा की शर्तों में 'हेरफेर' किया। शराब थोक लाइसेंस देने के लिए अनिवार्य पात्रता शर्तों में दो लगातार वित्तीय वर्षों के लिए न्यूनतम 100 करोड़ रुपए का टर्नओवर होने की शर्त पेश की। ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में टुटेजा, ढेबर, त्रिपाठी और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया है। झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा।



### छग में बनाया मसौदा, झारखंड में पेश किया

प्राथमिकी के मुताबिक छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी ने छत्तीसगढ़ में लागू देसी और विदेशी शराब बेचने की नीति का मसौदा बनाया। उसे ही झारखंड सरकार के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। इस मसौदे के आधार पर झारखंड में नयी आबकारी नियमावली अधिसूचित की गई और उसे लागू किया गया। पुलिस ने आरोप लगाया कि इस कार्य के लिए त्रिपाठी को 1.25 करोड़ रुपए झारखंड सरकार से मिले।

## रायपुर, कुम्हारी समेत चार ठिकानों पर जांच




रायपुर। झारखंड में शराब घोटाला मामले को लेकर ईडी की टीम मंगलवार को तीन शराब कारोबारी तथा एक शराब फैक्ट्री के अधिकारी के घर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। झारखंड शराब घोटाले के तार छत्तीसगढ़ से जुड़े होने की वजह से ईडी की टीम ने छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम ने जयस्तंभ चौक स्थित एक बार के साथ अशोका रतन, कटोरातालाब तथा कुम्हारी स्थित शराब फैक्ट्री के अधिकारी के यहां जांच की ईडी ने झारखंड में जो पूर्व में छापे की कार्रवाई की है, उसमें इस बात के प्रमाण मिले हैं कि शराब घोटाला करने छत्तीसगढ़ में बैठकर नीति बनाई गई थी। बैठक में झारखंड आबकारी विभाग के आला अधिकारी सहित सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हुए थे। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### ईओडब्लू ने भी दर्ज की एफआईआर

झारखंड शराब घोटाला मामले के तार छत्तीसगढ़ से जुड़े होने की वजह से राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्लू ने भी झारखंड, रांची के विकास कुमार के आवेदन पर एफआईआर दर्ज की है। विकास के आवेदन पर ईओडब्लू ने झारखंड उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे, तत्कालीन संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# एक लाख के नकली नोट के साथ पकड़ाया युकां उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

माकड़ी ब्लॉक युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष को पुलिस ने एक लाख से अधिक के नकली नोट के साथ पकड़ा है। 500-500 रुपए के नकली नोटों को ओडिशा से लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की तैयारी थी।

- छत्तीसगढ़ में खपाने की थी तैयारी
- फरसगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

फरसगांव एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गुहाबोरंड निवासी राजेश शोरी पीठ में बैग लटकाए हुए बाइक में माकड़ी से फरसगांव की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय शिंदे तत्काल अपनी टीम के साथ पासंगी पुलिया के पास घेराबंदी कर के बाइक से आ रहे राजेश को रोका। तलाशी के दौरान उसके बैग से 500-500 रुपए के 200 नकली नोट मिले। राजेश के घर जाकर तलाशी लेने पर 10 नोट और बरामद किया गया। इस तरह से 500-500 के कुल 210 नोट कीमत 1,05,000 रुपए बरामद ▶▶|शेष पेज 2 पर

### बाइक पर लिखा था युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष

पुलिस ने बताया कि राजेश बैग लेकर जिस बाइक से आ रहा था, उसके सामने प्लेट पर युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष लिखा था। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया युवक माकड़ी ब्लाक युवा कांग्रेस का उपाध्यक्ष है। मकड़ी से फरसगांव में नकली नोट खपाने जा रहा था। नोटों के खेप ओडिशा से लाई गई थी, उसके बाद ग्रामीण इलाकों में खपाया जा रहा था। त्योहारों पर नकली नोट खपाने वाले गिरोह क्षेत्र में सक्रिय हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### कैंसर की तीन दवाओं की कीमत होगी कम



**नई दिल्ली।** सरकार ने दवा कंपनियों से कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन दवाओं की कीमतें कम करने को कहा है ताकि कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके। दवाओं- ट्रैस्टुजुमैब, ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमैब के लिए एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है।

### ट्रक में आग, छत्तीसगढ़ के क्लीनर की मौत



**शिवपुरी।** मप्र के शिवपुरी जिले में मंगलवार की सुबह ट्रक में आग लगने से चालक और उसके सहायक की जलने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान हरियाणा निवासी चालक रिजवान अंसारी और छत्तीसगढ़ निवासी क्लीनर मोनू बदक के रूप में हुई है। यह घटना सतनवाड़ा थाना क्षेत्र में हुई।

### सबसे पुराने चिड़ियाघर को विरासत का दर्जा



**कोलकाता।** कोलकाता के अलीपुर चिड़ियाघर को विरासत का दर्जा देते हुए एक नीला फलक लगाया गया है। पिछले महीने ही इस चिड़ियाघर ने 150 साल पूरे किए हैं। करीब 19 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस चिड़ियाघर का उद्घाटन 24 सितंबर, 1875 को किया गया था।

### अहमदाबाद से केशोद के लिए सीधी उड़ान



**अहमदाबाद।** गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अहमदाबाद से जूनागढ़ जिले के केशोद के बीच सीधी उड़ान सेवा की शुरुआत हुई। श्री सोमनाथ ट्रस्ट ने तीर्थयात्रियों और भक्तों के लिए केशोद हवाई अड्डे से सोमनाथ मंदिर तक निःशुल्क पिकअप बस सेवा भी शुरू की है।

### 'डिजिटल अरेस्ट' कर 40 लाख की ठगी



**इंदौर।** इंदौर में 'डिजिटल अरेस्ट' के ताजा मामले में ठग गिरोह ने एक 70 वर्षीय व्यक्ति को जाल में फंसाया। उसे 40.70 लाख रुपए का चूना लगा दिया। 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी का नया तरीका है। ऐसे मामलों में ठग खुद को कानून अधिकारी बताकर ऑडियो या वीडियो कॉल करके डराते हैं।

बेलरगांव में पसरा मातम

# तालाब में डूबने से दो बहनों समेत तीन बच्चियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

ग्राम बेलरगांव में धनतेरस पर्व पर दिल को झकझोर करने वाली घटना घटी है। यहां तालाब में डूबने से दो सगी बहन समेत तीन बच्चियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

- परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

बताया जाता है कि बेलरगांव के भूखर्रा तालाब में काजल यादव पिता धन्नूराम यादव (14), यामिनी यादव पिता धन्नूराम यादव (18) और सेविका कोर्राम पिता सुरेश कुमार ▶▶|शेष पेज 2 पर

### दिवाली की खुशी मातम में बदली

धमतरी जिले के नगरी ब्लाक के ग्राम बेलरगांव में मंगलवार को नहाने गई तीन बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इससे गांव में शोक की लहर छा गई। दीपावली त्योहार मनाने की तैयारी व खुशी में जुटे पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों की आंखों से आंसू नहीं थम रहे हैं। मृत बच्चियों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## फ्लाईओवर के नीचे दीवार से टकराई बस, 12 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर जिले में भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 30 अन्य घायल हो गए। सालासर से आ रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के नीचे दीवार से टकरा गई। इससे बस का चालक की तरफ वाला हिस्सा तहस नहस हो गया।

- इधर, राजस्थान में बड़ा हादसा 30 यात्री घायल

### इनकी हो गई मौत

मृतकों में विनीता (32), सीमा (22), किरण कंवर, कमला (35), बनारसी (55), आदित्य (16) तथा प्रमोद सिंह (35) शामिल हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, सीकर के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में बस दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है।

# सात दिन बीते, सिम्स में डीन की कुर्सी पर खींचतान, डॉक्टर-स्टाफ दो फाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

डीन की कुर्सी के लिए चल रही खींचतान के कारण सिम्स अस्पताल व मेडिकल कालेज की व्यवस्था चरमराने लगी है। एक ओर हाईकोर्ट से स्टे लेकर डॉ. कमल किशोर सहारे निलंबन आदेश पर रोक का हवाला देते हुए कुर्सी पर काबिज हैं, वहीं डॉ अर्चना सिंह बतौर प्रभारी डीन व्यवस्था संभाल रही हैं।इस खींचतान से स्टाफ, डाक्टर और अन्य विभागों के कर्मचारी दो फाड़ हो गए हैं। 7 दिन बाद भी शासन स्तर पर कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। सिम्स में पिछले 7 दिनों से ▶▶|शेष पेज 2 पर

### व्यवस्था चरमाने के हालात








### डॉ. सहारे ने लगाया चेंबर में अपना बोर्ड

खास बात यह है कि शासन के आदेश पर पदस्थ डीन डा. रमनेश मूर्ति छुट्टी पर हैं, ऐसे में उन्होंने डॉ सहारे को चार्ज नहीं दिया है, लेकिन डॉ. सहारे लगातार लोगों को अपने डीन होने की बात कह रहे हैं। सोमवार को उन्होंने कालेज व अस्पताल के ग्रुप में आदेश जारी कर कोर्ट का हवाला देते हुए उनका आदेश नहीं मानने वालों को चेतावनी दी है। जबकि जानकार अधिकारी कहते हैं ▶▶|शेष पेज 2 पर

कोर्ट में हंगामा, पुलिस चौकी में आगजनी

# जज और वकील में बहस पुलिस ने बरसाई लाठियां

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

गाजियाबाद जिले की एक कोर्ट में अधिवक्ताओं और पुलिसकर्मियों के समूहों के बीच झड़प हो गई। कोर्ट में अग्रिम जमानत के एक मामले की सुनवाई को लेकर सत्र न्यायाधीश और अधिवक्ता के बीच बहस के बाद अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस पहुंच गई। घटना के वीडियो ▶▶|शेष पेज 2 पर



### वायरल हुआ वीडियो

इससे पहले, सोशल मीडिया पर इस हंगामे की वीडियो क्लिप में कथित तौर पर अदालत के अंदर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और वकीलों के बीच झड़प होती दिखाई दे रही है। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ पुलिसकर्मियों के हाथों में डंडे हैं। एक पुलिसकर्मी को लड़ाई में शामिल दूसरे पक्ष पर हमला करने के लिए हवा में कुर्सी पकड़े हुए भी देखा गया। एक अधिवक्ता के सिर पर कथित तौर पर चोट के निशान भी देखे गए।

16 दिनों में 510 से अधिक घरेलू-अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को धमकियां

# फिर 100 से अधिक विमानों को धमकी पर सुरक्षित लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

विभिन्न भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 100 से अधिक उड़ानों को मंगलवार को बम की धमकियां मिलीं। पिछले 16 दिनों में 510 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को ऐसी धमकियां मिली हैं, जो बाद में अफवाह साबित हुईं। इनमें ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गयीं। सूत्रों का कहना है कि एयर इंडिया की करीब 36 उड़ानों, इंडिगो की करीब 35 उड़ानों और विस्तारा की 32 उड़ानों को धमकियां मिलीं। संबंधित प्राधिकारियों को तुरंत सतर्क कर दिया गया।

### ऐसे मिले धमकी भरे मैसेज

बताया जा रहा है कि एयर इंडिया के विमानों के लिए धमकी भरे कुछ संदेश टॉयलेट में लिखे मिले, जबकि कुछ ईमेल और सोशल मीडिया के जरिए भेजे गए थे। एयरपोर्ट प्रशासन ने सभी प्रोटोकॉल का पालन किया और जांच पड़ताल के बाद यात्रियों को घर जाने दिया।




**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को एडवाइजरी:** जारी फर्जी धमकी कॉल पर कड़ा रुख अपनाते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पिछले हफ्ते सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को एक सलाह जारी की, जिसमें उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी नियमों और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों का पालन करने और बम की धमकी वाले पोस्ट को 'तुरंत' हटाने के लिए उचित प्रयास करने के लिए कहा गया, अन्यथा जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### इधर, सलमान, जीशान को धमकी देने वाला धरा गया



**मुंबई/नोएडा।** मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और राकांपा नेता जीशान सिद्धीकी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उत्तर प्रदेश के नोएडा से 20 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पहले विधायक जीशान सिद्धीकी के हेल्पलाइन नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा और बाद में उस पर 'वॉयस कॉल' किया, जिसमें जान से मारने की धमकी दी।

चिंतन

# स्वास्थ्य सेवा को सबके लिए बेहतर बनाने की जरूरत

सरकार के जनकल्याणकारी दायित्व में स्वास्थ्य बड़ा मुद्दा है। अक्सर कहा जाता है कि अगर सरकार सबको शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा सुनिश्चित कर दे, तो देश की तरक्की तेजी से होगी। दुर्भाग्य से देश में सरकारें ऐसा नहीं कर पाई हैं। बीमारी जाति, धर्म और अमीर-गरीब देखकर नहीं आती है। सबको शिक्षा व स्वास्थ्य की आवश्यकता है। देश में स्वास्थ्य सेवा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन राज्य सरकारों की स्वास्थ्य प्राथमिकता नहीं होने से इस क्षेत्र की हालत बहुत खराब रही है। केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद स्वास्थ्य पर अधिक फोकस शुरू हुआ। मोदी के पहले कार्यकाल में वर्ष 2018 में सरकार ने गरीबों को इलाज सुविधा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की। योजना के तहत पात्र लाभार्थी को चिकित्सा के लिए अधिकृत सरकारी व निजी अस्पतालों में पांच लाख तक के इलाज की सुविधा दी गई। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए यह क्रांतिकारी योजना साबित हुई, शुरू में 1760 बीमारियों को शामिल किया गया, लेकिन इस योजना में निजी अस्पतालों को शामिल करने से व्यापक स्तर पर दुरूपयोग होने लगा, कम खर्च वाले इलाज को भी बड़ा बताकर सरकार से बड़े अमाउंट जारी करवाने लगे। इस योजना से अनुचित फायदा उठाने वाले अस्पतालों की गरिमा गिरी। सरकार ने इलाज सूची से 196 बीमारियों को हटा दिया। अच्छा होता सरकार इस योजना के लिए केवल सरकारी अस्पताल को ही सूचीबद्ध करती, बाकी पैसों से देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किया जाता। मोदी सरकार ने जन औषधि केंद्र शुरू कर महंगी दवा बेचने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई, इससे भी लोगों को फायदा हुआ। अब मोदी 3.0 सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को विस्तार देते हुए 70 वर्ष व उससे अधिक उम्र के सभी आर्थिक वर्ग के बुजुर्गों के लिए पांच लाख तक मुफ्त इलाज देने की सुविधा शुरू की। इसके लिए सरकार ने आरोग्य देवता कहे जाने वाले भगवान धनवंतरि के अवतरण दिवस धनतेरस व 9वें आयुर्वेद दिवस को चुना, यह बड़ा कदम है। इस योजना से छह करोड़ से अधिक बुजुर्गों को इलाज में मदद मिलेगी। बेशक ये स्वास्थ्य योजनाएं शानदार हैं, पर इनके क्रियान्वयन में बहुत झोल भी है। सरकारी अस्पताल कम हैं, इसमें भी अधिकांश का स्वास्थ्य ढांचा जर्जर है, कुछ अच्छे अस्पताल हैं, तो उन पर मरीजों का बड़ा बोझ है। चिकित्सक, नर्स, उपचार उपकरण आदि की कमियां हैं। कोरोना के दौर में देश के स्वास्थ्य ढांचे की पोल खुल चुकी है। सरकार की ओर से नियामक नहीं होने से निजी क्षेत्र में इलाज का बजटीय सिस्टम विकसित नहीं हो सका है। चीन की तरह भारत सरकार ने अपने स्वदेशी चिकित्सा सिस्टम को खुले मन से अंगीकार नहीं किया, इसलिए प्रिवेंटिव हेल्थ सिस्टम विकसित ही नहीं हो सका। मोदी सरकार इस ओर ध्यान जरूर दे रही है, पर गति बहुत सुस्त है। योग, आयुर्वेद व देसी चिकित्सा सिस्टम में भारत की आर्थिक ताकत बनने की क्षमता है। पश्चिम मॉडर्न मेडिसिन की कमियों व बाजारवादी प्रवृत्तियों से मुक्ति की जरूरत है। 18 राज्यों में हेल्थ प्रोजेक्ट्स से स्वास्थ्य सेवा बेहतर करने में मदद मिलेगी। मिशन इंद्रधनुष, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, यू-विन प्लेटफॉर्म, प्रकृति परीक्षण अभियान व नमामि गंगे नेचुरल फॉर्मिंग और जड़ी-बूटियों के उत्पादन को बढ़ावा देने से स्वास्थ्य क्षेत्र बेहतर हो रहा है, लेकिन अभी स्वास्थ्य ढांचा व फार्मा क्षेत्र में बहुत कुछ और किए जाने की जरूरत है। स्वास्थ्य सेवा को सबके लिए पारदर्शी, सर्वसुलभ, बजटीय व नियम सम्मत बनाया जाना चाहिए।



समुद्र मंथन
प्रमोद भार्गव

# लक्ष्मी के रूप में समाई प्रकृति

जब देवों ने असुरों के साथ मिलकर सागर-मंथन किया तो उसमें से चौदह प्रकार के रत्नों की प्राप्ति हुई। इन्हीं रत्नों में ऐरावत नाम का हाथी और लक्ष्मी भी थीं। समुद्र-मंथन से उत्पन्न होने के कारण लक्ष्मी और गज का जन्मजात संबंध स्वाभाविक है। लक्ष्मी को पृथ्वी के प्रतीक के रूप में भी माना गया है। इस नाते उन्हें भूदेवी भी कहा जाता है। वैसे भी विष्णु की दो पत्नियां थीं। एक लक्ष्मी और दूसरी पत्नी श्रीदेवी हैं। भूदेवी होने के कारण लक्ष्मी पृथ्वी की प्रतीक हैं। इस नाते गज मेघों के प्रतीक हैं। इसीलिए वर्षा पूर्व बादलों के गरजने की क्रिया को मेघ-गर्जना कहा जाता है। लक्ष्मी का जल से अभिषेक करते गजों का प्रतीक भी यही है कि गज बरसकर पृथ्वी को अभिसिंचित कर रहे हैं।

समुद्र-मंथन के दौरान जिस स्थल से कल्पवृक्ष और अप्सराएं मिलीं, उसी के निकट से महालक्ष्मी मिलीं। ये लक्ष्मी अनुपम सुंदरी थीं, इसलिए इन्हें भगवती लक्ष्मी कहा गया है। श्रीमद् भागवत में लिखा है कि 'अनिंद्य सुंदरी लक्ष्मी ने अपने सौंदर्य, औदार्य, यौवन, रंग, रूप और महिमा से सबका चित्त अपनी ओर खींच लिया। देव-असुर सभी ने गुहार लगाई कि लक्ष्मी हमें मिले। स्वयं इंद्र अपने हाथों पर उठाकर एक अद्भुत व अनूठा आसन लक्ष्मी को बैठने के लिए ले आए। उनकी कटि बहुत पतली थी। वक्षस्थल परस्पर सटे व उभरे हुए थे। उन पर चंदन और केसर का लेप लगा था। जब वे चलती थीं, तो उनकी पायजेब से मधुर ध्वनि प्रस्फुटित होती थी। ऐसा लगता था, मानो कोई सोने की लता इधर-उधर घूम रही है। इस लक्ष्मी को विष्णु ने अपने पास रख लिया।

समुद्र-मंथन में लक्ष्मी मिलीं, इसे हम यूं भी ले सकते हैं कि लक्ष्मी के मायने धन-संपदा या सोने-चांदी की विपुलता से भी होता है। समुद्र-मंथन के क्रम में जब देव-दानव समुद्र पार कर गए तो सबसे पहले हिरण्यकशिपु दैत्य को सोने की खदान मिली थी। इसे हिरकेनिया स्वर्ण-खान आज भी कहा जाता है। इस खदान पर वर्चस्व के लिए भी देव और असुरों में विवाद व संग्राम छिड़ा था। अंततः हिरण्यकशिप का इस पर अधिकार माना गया, क्योंकि इसे ही यह खान दिखाई दी थी। इसे यूं भी कह सकते हैं कि इस सोने की खान को खोजने में हिरण्यकशिप की ही प्रमुख भूमिका रही थी। दरअसल लक्ष्मी के विलक्षण रूप का वर्णन प्रकृति के रहस्यों से भी जुड़ा है। वैसे तो देवी लक्ष्मी के अनेक रूप हैं, परंतु उनका सर्वाधिक प्रचलित रूप वह है, जिसमें देवी पूर्ण रूप से खिले हुए पद्म-प्रसून पर अविचल मुद्रा में बैठी हुई हैं। उनके दोनों हाथों में नालयुक्त कमल हैं। साथ ही उनके दोनों तरफ कमल-पुष्प पर ही दो हाथी अपनी ऊपर उठाई सूंडों में घड़े लिए हुए लक्ष्मी का जल से अभिषेक कर रहे हैं। लक्ष्मी के इस रूप और इससे भिन्न रूपों का कौतुक-वृत्तांत रामायण से लेकर अधिकांश पुराणों में अंकित है। लक्ष्मी का जलाभिषेक करते गजों से घनिष्ठ संबंध है। जब देवों ने असुरों के साथ मिलकर सागर-मंथन किया तो उसमें से चौदह प्रकार के रत्नों की प्राप्ति हुई। इन्हीं रत्नों में ऐरावत नाम का हाथी और लक्ष्मी भी थीं। समुद्र-मंथन से उत्पन्न होने के कारण लक्ष्मी और गज का जन्मजात संबंध स्वाभाविक है। लक्ष्मी को पृथ्वी के प्रतीक के रूप में भी माना गया है। इस नाते उन्हें भूदेवी भी कहा जाता है। वैसे भी विष्णु की दो पत्नियां थीं। एक लक्ष्मी और दूसरी पत्नी श्रीदेवी हैं। भूदेवी होने के कारण लक्ष्मी पृथ्वी की प्रतीक हैं। इस नाते गज जलद अर्थात मेघों के प्रतीक हैं। इसीलिए वर्षा पूर्व बादलों के गरजने की क्रिया को मेघ-गर्जना कहा जाता है। जब तक धरती पर बादल बरसते नहीं हैं, तब तक फसलों के रूप में अन्न-धान्य पैदा नहीं होते हैं। लक्ष्मी का जल से अभिषेक करते गजों का प्रतीक भी यही है कि गज बरसकर पृथ्वी को अभिसिंचित कर रहे हैं, जिससे पृथ्वी से सृजन संभव हो सके। इस कारण लक्ष्मी को सृजन की देवी भी कहा जाता है। सौभाग्य लक्ष्मी को उपनिषद में 'सकल भुवन माता' कहा गया है। सृजन अर्थात सृष्टि माता-पिता दोनों



के संसर्ग से संभव है। अस्तु लक्ष्मी मातृशक्ति की और गज पितृशक्ति के प्रतीक हैं। गज को पुरुषार्थ का प्रतीक भी माना गया है। गोया, लक्ष्मी और गगन के समतुल्य गज संसार के माता-पिता माने जा सकते हैं। गज दिशाओं के प्रतीक भी हैं, इसलिए इन्हें दिग्गज भी कहा जाता है। इस कारण वे राज्य की चतुर्दिक सीमाओं के भी प्रतीक हैं। वैसे भी पुरातन काल में जो चतुरंगी सेनाएं हुआ करती थीं, उनमें गज-सेना भी होती थी, जो सीमांत प्रांतों में चारों दिशाओं में तैनात रहती थी।

कमल पर आरूढ़ लक्ष्मी से कमल का गहरा व आत्मीय रिश्ता है। सृष्टि के कर्ता ब्रह्मा स्वयं कमलभव हैं, जो भगवान विष्णु की नाभि से प्रस्फुटित कमल पर ही विराजमान हैं। इसी कारण विष्णु को 'पद्मनाभ' और 'पद्माक्षी' कहा गया है। कमल पर बैठी होने के कारण लक्ष्मी को 'कमला' भी कहा जाता है। कमल की यह विशेषता है कि वह कीचड़ में पैदा होने के पश्चात भी स्वच्छ है, स्वछंद है एवं निर्मल है। जल में जीवन-यापन करते हुए भी वह निर्लिप्त है। अनेक पांखुरियों से युक्त व खिला होते हुए भी वह एकात्मता का द्योतक है। कमल की जड़, नाल, पंखुड़ियां व बीज सब मानव उपयोगी हैं, इसलिए कमल को समशष्टिगत गुणों वाले पुष्पों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। व्यष्टि में समष्टि का समन्वयात्मक संदेश देता हुआ कमल लोकमंगल का आह्वान कराता है, इसलिए ऋषि-मुनियों ने कमल को सांस्कृतिक प्रधानता व सर्वोच्चता की पहचान से निरुपित किया है। लक्ष्मी का जल से अभिषेक करते हुए कलश, पूर्ण-कलश अर्थात लोक मंगलकारी कलशों के प्रतीक हैं। जल जीवन का आरंभिक उद्गम स्थल होने के साथ, जीवन का प्रमुख आधार भी है।

जल से ही पद्म उत्पन्न हुआ है और पद्म से ब्रह्मा और ब्रह्मा से संपूर्ण सृष्टि। इसी कारण कलश को हिरण्यगर्भ की संज्ञा से विभूषित किया गया है। कलश के संदर्भ में सांस्कृतिक मान्यता है कि इसमें त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास है। कलश के मुख पर ब्रह्मा, ग्रीवा में शिव और मूल में विष्णु तथा मध्य में मातृगणों का निवास होता है। अर्थात ये सभी देव-गण कलश में प्रतिष्ठित होकर किसी मांगलिक कार्य को सकारात्मक गति देने का काम करते हैं। इस कारण कलश भी लक्ष्मी के समान ही सृष्टि और महाशक्ति का प्रतीक माना गया है। मूर्ख और अशुभ का प्रतीक माने जाने के बावजूद उल्लू धन की देवी भगवती का वाहन है। हालांकि ऋग्वेद के श्री-सूक्त में वैभव की देवी लक्ष्मी की विस्तार से चर्चा है, लेकिन इस वृत्तांत में उल्लू को लक्ष्मी के वाहन के रूप में कहीं नहीं दर्शाया गया है। समुद्र-मंथन से लक्ष्मी तो प्रकट हुईं, लेकिन उल्लू के प्रकट होने का विवरण नहीं है। कहते हैं कि जब लक्ष्मी को धन की देवी के रूप में प्रतिष्ठा मिल गई, तो उनकी स्थान-स्थान पर पूजा होने लग गई। इस कारण उन्हें अलग वाहन की आवश्यकता अनुभव होने लगी। उन्हें भगवान विष्णु के व्यस्त रहने के कारण भी अपने उपासकों के पास जाने में विलंब होने लगा। ऐसे में लक्ष्मी के लिए ऐसे वाहन की खोज शुरू हुई, जो विष्णु के वाहन गरुड़ की तुलना में उड़ान भरने में दक्ष तो हो ही, रात में भी उड़ान भरने में समर्थ हो। क्योंकि लक्ष्मी के भक्त धन-वैभव की पूजा रात्रिकाल में ही दीपों की रोशनी में करते हैं। अब हम सब जानते ही हैं कि जीव-जगत के अधिकांश प्राणी रात में आहार-भक्षण के बाद निद्रा में लीन हो जाते हैं। केवल उल्लू ही रात में जागता है और आहार के लिए शिकार को भटकता है। गोया, निशाचर उल्लू रात में विचरण करने के कारण लक्ष्मी के वाहन के रूप में उपयुक्त ठहरा दिए गए और उल्लू लक्ष्मी के वाहन के रूप में उपयोग में आने लग गए। इन वृत्तांतों से भगवती लक्ष्मी के प्रकृति से जुड़े रूप का स्पष्ट आभास होता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दीपावली विशेष
विवेक शुक्ला



# देश में मुसलमान, ईसाई यहूदी भी मनाते हैं दिवाली

अब प्रकाश पर्व का माहौल बन चुका है। कुछ दिन के बाद सर्वत्र प्रकाश होगा। अगर कोई ये सोच रहा है कि दिवाली को सिर्फ हिन्दू ही मना रहे हैं, तो यह कहना सही नहीं होगा। दिवाली पर लाखों मुसलमान, ईसाई और यहूदी भी दीये जलाएंगे। दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया को करीब 25 सालों से दिवाली पर रोशन किया जा रहा है। यहां शुरुआती वर्षों में, दिवाली पर फूलों से रंगोली बनाई जाती थी। बाद में, इधर दीये जलाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। दरगाह को 2022 से धनतेरस पर भी रोशन किया जाने लगा है। मुंबई में हाजी अली दरगाह को भी रोशन किया जाता है। बिहार के छपरा में कई मुस्लिम परिवार हैं जो हर साल दिवाली का त्योहार मनाते हैं। दरअसल भारत एक ऐसा देश है जहां सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं और त्योहारों को साथ मिलकर मनाते हैं। दिवाली, हिंदुओं का प्रमुख त्योहार, भारत में अन्य धर्मों के लोगों द्वारा भी मनाया जाता है। राजधानी में प्रोटेस्टेंट ईसाइयों से जुड़ी प्रमुख संस्था दिल्ली ब्रदरहुड हाउस (डीबीएस) दीपावली के अवसर पर 1925 में बने 'ब्रदर्स हाउस को रोशन करती है। इधर गिरिजाघरों से जुड़े पादरी रहते हैं। ये अपने दिल्ली-सोनीपत की सीमा पर संचालित सेंट स्टीफंस कैंब्रिज स्कूल में भी दिवाली पर लाइटिंग करते हैं। इधर रहने वाले सभी पादरी देश के अलग-अलग भागों से हैं। ये गिरिजाघरों में पादरी का काम देखने के अलावा वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, स्कूल और दूसरे समाज सेवा के काम भी करते हैं। मूल रूप से तमिलनाडू के रहने वाले सोलोमन जॉर्ज कहते हैं, 'हम भारत में रहते हुए दिवाली से कैसे दूर रह सकते हैं? दिवाली प्यार, भाईचारे का त्योहार है, और खुद को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का त्योहार है।' डीबीएस में रहने वाले पादर मानते हैं कि रोशनी के इस पर्व को खुशियों का पर्व भी कहा सकता है। दीपावली के आने से पहले ही सारे माहौल में प्रसन्नता छा जाती है। मशहूर लेखक तथा मौलाना आजाद उर्दू यूनिवर्सिटी के पूर्व चांसलर फिरोज बख्त अहमद कहते है, 'दीपोत्सव तो अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला त्योहार है। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। दिन के पीछे भी अंधेरा है रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है रात का।' फिरोज बख्त अहमद भी दिवाली पर अपने घर और दफ्तर को दीयों से रोशन करते हैं। दिवाली में, मुस्लिम और ईसाई अपने हिंदू पड़ोसियों के साथ दीये जलाते हैं, मिठाइयां बांटते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। यूं तो यहूदी धर्म को इजराईल के साथ जोड़कर देखा जाता है। पर भारत के मुंबई, केरल, दिल्ली वगैरह में बसे हुए यहूदी दिवाली को मनाते हैं। राजधानी का एकमात्र जूदेह हयम सिनगॉग में छोटी दिवाली और फिर दिवाली पर दीये जलाए जाएंगे। यह सारे उत्तर भारत में यहुदियों की एकमात्र सिनगॉग है। इसके रेब्बी एजिकिल आइजेक मालेकर कहते हैं कि दिवाली पर जब अंधेरा घना होने लगेगा तो वे दीये जलाकर प्रकाश करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के करीब दरगाह मटका पीर में भी दिवाली पर दीपोत्सव होगा। दिवाली पर मटका पीर में आलोक सज्जा की पुरानी रिवायत है। हज़रत शेख़ अबूबकर तूसी हैदरी क़लन्दरी का उपनाम मटका पीर इसलिए पड़ा था क्योंकि वो अपने पास एक मटका रखते थे। वो मटके का पानी लोगों को पिलाते तो लोगों के दुःख-दर्द दूर हो जाते। इसीलिए बाबा के दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ लगने लगी। ये सिलसिला अब भी बदस्तूर जारी है। उधर, इस्लामिक विद्वान इमाम उमेर इलियासी वायरल बुखार से पीड़ित होने के बावजूद आजकल अपने साथियों को बता रहे हैं कि इंडिया गेट के करीब स्थित गोल मस्जिद के बाहर दिवाली पर दीये किस तरह से जलाए जाएंगे। यह परंपरा, उनके पिता मौलाना जमील इलियासी ने 1960 के दशक में शुरू की थी। वे ऑल इंडिया इमाम कॉन्फ्रेंस के संस्थापक थे। वे साइकिल पर मिठाई के डिब्बे खरीद कर लाते थे ताकि दिवाली से पहले उन्हें अपने दोस्तों और मुलाजिमों को बांट दें। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहते थे। शायद इसलिए कि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है। राजधानी दिल्ली में स्थित बिशप हाउस पर भी दिवाली पर आलोक सज्जा की जाएगी। बिशप हाउस देश के प्रोटेस्टेंट ईसाई समाज के प्रमुख बिशप का मुख्यालय है। ये भारत की सांस्कृतिक एकता और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। मुस्लिम और ईसाई भी इस त्योहार को मनाते हैं, जो दर्शाता है कि भारत में धर्म की सीमाएं पार करके सभी एक साथ आ सकते हैं और त्योहारों को एक-दूसरे के साथ मना सकते हैं। यह हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हमारे लोगों के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव का प्रमाण है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'


# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अयोध्या दीपोत्सव



*अयोध्या दीपोत्सव समारोह के मंगलवार को राम की पैड़ी पर नृत्य करते हुए नर्तक।*

## आज की पाती


### जागरूकता अभियान चलाया जाए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में बढ़ते साइबर ठगी के मामलों पर जो चिंता इस बार के रेडियो प्रोग्राम में जताई, वो बहुत अच्छी बात है। मोदी ने साइबर ठगी से बचने के जो उपाय बताए, उन पर लोगों को खुद भी जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी करना चाहिए। देश में ऑनलाइन और ऑफलाइन ऐसे फ्रॉड हो रहे हैं जो लोगों के खून-पसीने की कमाई को मिट्टी में मिला रहे हैं। कई प्रदेशों में पैसा दोगुना करने के नाम पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। इसमें कंपनी ने लोगों को पैसा डबल करने का झांसा दिया और उनके पैसे लेकर कंपनी रफ्फूचक्कर हो गई। आरबीआई ने लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए हुए हैं, फिर भी न जानें लोग क्यों झांसे में आ जाते हैं। *– मंयक झा, कांकेर*

## करंट अफेयर

# पाक में पोलियो टीकाकरण करने वालों पर हमला


पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार को पोलियो टीकाकरण दल पर हमला करने वाले तीन आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। सूत्रों ने यहां बताया कि एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने उसी प्रांत के एक 'डिस्पेंसरी' में पोलियो टीकाकरण करने वाली टीम को बंधक बना लिया। पोलियो टीकाकरण टीम पर हमले की इस घटना से एक दिन पहले सोमवार को पाकिस्तान ने 4.5 करोड़ बच्चों के टीकाकरण के लिए अपना तीसरा राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू किया। पहली घटना अफगानिस्तान की सीमा से लगे औरकजई कबायली जिले में हुई, जहां पोलियो टीकाकरण कर्मियों पर हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कम से कम तीन आतंकवादियों को मार गिराया। किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उत्तरी वजीरिस्तान की तहसील शेवा में हुई दूसरी घटना में आतंकवादियों ने ममेत कोट 'डिस्पेंसरी' में पोलियो टीकाकरण टीम को बंधक बना लिया। सूत्रों के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस अधिकारियों से हथियार भी जब्त कर लिए।



## ऑफ बीट

# घरेलू धूल के माइट से क्या होती है एलर्जी

लोग अक्सर मानते हैं कि उन्हें घर की धूल से एलर्जी है। वास्तव में घर की धूल के सूक्ष्म 'माइट' (मकड़ी जैसा बहुत छोटा जंतु जो पेड़-पौधों, पशुओं, कालीनों आदि में छुपा रहता है, इसे एक किस्म का पिस्सू भी कहा जा सकता है) से एलर्जी है। घर की धूल के माइट मकड़ियों और चिचड़ के परिवार से संबंधित हैं। वे केवल 0.2-0.3 मिमी जितने होते हैं। वे 65-100 दिनों तक जीवित रहते हैं, और मादा अपने जीवन में 60-100 अंडे देती है। घर की धूल के माइट समशीतोष्ण जलवायु और नमी पसंद करते हैं। वे हमारे और जानवरों की त्वचा की कोशिकाओं को खाते हैं, साथ ही फफूंद को भी खाते हैं, जिसे वे विशेष एंजाइमों का उपयोग करके पचाते हैं। ये एंजाइम दिन में करीब 20 बार उनके मल में उत्सर्जित होते हैं। वे अपने बाह्यकंकाल के टुकड़े भी बाहर निकालते हैं। ये सभी टुकड़े इस प्रकार के 'एलर्जिक राइनाइटिस' से पीड़ित लोगों में एलर्जी के लक्षणों को बढ़ाते हैं। क्या लक्षण हैं? जब घरेलू धूल के माइट की एलर्जी से पीड़ित लोग एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों को सांस के माध्यम से अंदर लेते हैं, तो वे वायुमार्ग और आंखों की श्लेष्मा झिल्ली (म्यूकस मेम्ब्रेन) में प्रवेश कर जाते हैं।



## ट्रेंड

### हम कार्रवाई भी करेंगे

सेबी अध्यक्ष माधबी बुच आईसीआईसीआई से किस बात के पैसे ले रही थीं? अध्यक्ष रहते हुए असूचीबद्ध कंपनियों में शेयर कैसे रख सकती थीं? एजेंसियों ने जांच नहीं की, मीडिया ने सवाल नहीं किया, सरकार ने कार्रवाई नहीं की। हमने जांच भी की है, सवाल भी कर रहे हैं और वक्त आने पर कार्रवाई भी होगी!

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### जीवंत दर्शन का प्रतीक

सौभाग्य और स्वास्थ्य का उत्सव धनतेरस भारतीय संस्कृति के जीवंत दर्शन का प्रतीक है। 150 से ज्यादा देशों में आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है, ये प्रमाण है आयुर्वेद को लेकर बढ़ रहे वैश्विक आकर्षण का।

-अनुराग ठाकुर, भाजपा सांसद



### अद्भुत डिजिटल ढांचा

भारत अपने अद्भुत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए दुनिया में अद्वितीय है। सरकार को पूरा श्रेय है। इसने ग्रामीणों के बैंक खातों में सीधे लाभ हस्तांतरण के साथ उनके जीवन को बदल दिया है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



### प्रेरणा की खुराक

'विजय 69' में अपने प्यारे और बहुत फिट दोस्त अनुपम खेर को देखकर उत्साहित हूं। 69 साल की उम्र में, वह धीमा नहीं हो रहा है। आपको प्रेरणा की खुराक (और कुछ हंसी) चाहिए, तो 8 नवंबर को इसे देखना न भूलें, केवल नेटफ्लिक्स पर!

-अक्षय कुमार, अभिनेता



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## धनतेरस पर एक ही दिन में बाजार में 4000 करोड़ से अधिक बरसे





### सराफा बाजार में बरसे 15 सौ करोड़

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों में सराफा बाजारा में सुबह से लेकर रात तक सोने-चांदी के सिक्कों के साथ जेवरों की भी जमकर खरीदारी हुई है। धनतेरस पर सोना संभावना से कही परे 80 हजार से पार होकर 81500 रुपए दस ग्राम रहा। चांदी भी एक लाख रुपए किलो रही। रायपुर सराफा कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी ने बताया, ▶▶| शेष पेज 2 पर

# बाजार में जमकर बरसा धन, सराफा, ऑटोमोबाइल रियल एस्टेट, इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों की चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

धनतेरस पर मंगलवार को राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में जमकर धन बरसा। लक्ष्मी माता की हर सेक्टर में ऐसी कृपा बरसी कि एक ही दिन में चार हजार ▶▶| शेष पेज 2 पर

### 800 करोड़ के मकान और प्लाट बिके

रीयल एस्टेट में रायपुर के साथ ही भिलाई, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर सहित हर शहर में मकान और प्लाट बिके हैं। बिल्डरों के मुताबिक मकानों से ज्यादा प्लाट बिके हैं। मध्यम वर्ग में प्लाट ▶▶| शेष पेज 2 पर



### बर्तन-फर्नीचर, कपड़ों का 600 करोड़ का कारोबार

सोने और चांदी के साथ धनतेरस पर बर्तनों की खरीदी को भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में खासकर तांबे, कांसे और स्टील के बर्तन भारी संख्या में बिके। इसी के साथ लोगों के किचन के काम के ▶▶| शेष पेज 2 पर

### इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में बरसे 700 करोड़

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में बहुत खरीदारी हुई है। लोगों ने अपनी पसंद के महंगे मोबाइल से लेकर कम कीमत वाले मोबाइल, एलईडी, कंप्यूटर, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अन्य ▶▶| शेष पेज 2 पर

### 700 करोड़ के 30 हजार वाहन बिके

ऑटोमोबाइल सेक्टर में जमकर बूम रहा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में एक ही दिन में करीब 30 हजार वाहन बिक गए। इसमें सबसे ज्यादा करीब 25 हजार दोपहिया वाहन बिके हैं। इनकी ही कीमत करीब ढाई सौ करोड़ है। तीन हजार से ज्यादा कारें बिकी हैं। इनकी कीमत साढ़े तीन सौ करोड़ है। इसके अलावा ऑटो, कमर्शियल वाहन, ट्रैक्टर और अन्य वाहन भी बिके इनकी कीमत भी सौ ▶▶| शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### शंटिंग के दौरान ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे



**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम रेलवे जंक्शन के अंतर्गत जेल रोड क्रासिंग फाटक के पास मंगलवार की सुबह शंटिंग के दौरान एक ट्रेन के दो एसी डिब्बे पटरी से उतर गए। डिब्बे पटरी से उतर जाने की वजह से क्रासिंग लगभग छह घंटे अवरुद्ध रही। इससे लोगों को आवागमन में असुविधा हुई।

### अंतरराज्यीय स्वर्ण आभूषण चोर गिरोह का भंडाफोड़



**राउरकेला।** ओडिशा में कीमती सामान की सफाई के नाम पर भोले-भाले लोगों से सोना ठगने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड कर पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया हैं। राउरकेला शहर के सेक्टर-7 थाने में शिकायत की जांच करते हुए गिरोह का भंडाफोड़ किया।

### प्रधानमंत्री ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा कवर देने की शुरुआत की

# अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को मिलेगा मुफ्त इलाज

*बुजुर्गों के लिए 5 लाख का इलाज होगा मुफ्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनवंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्गों के लिए खास तोहफा दिया है। उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा कवर देने की शुरुआत की है। इस योजना के तहत 70 साल या उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।यह योजना सभी बुजुर्गों के लिए है। चाहे उनकी आमदनी कुछ भी हो। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित कार्यक्रम ▶▶| शेष पेज 2 पर

- 4.5 करोड़ परिवारों के 6 करोड़ बुजुर्ग होंगे लाभान्वित




### 12850 करोड़ की सौगात

पीएम मोदी ने धनवंतरी जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर लगभग 12,850 करोड़ रुपए की स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि इस साल के आम चुनावों के दौरान उन्होंने वादा किया था कि 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाया जाएगा।

### दिल्ली और बंगाल में सुविधा नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा और उन्हें 'आयुष्मान वय वंदना' कार्ड दिया जाएगा, मगर अफसोस है कि वह अन्य राज्यों में लोगों की सेवा तो कर पाएंगे, लेकिन दिल्ली और पश्चिम बंगाल में नहीं। उन्होंने कहा, मैं देश के लोगों की सेवा तो कर पा रहा हूं लेकिन राजनीतिक स्वार्थ की दीवारें मुझे दिल्ली और पश्चिम बंगाल के बुजुर्गों की सेवा करने से रोक रही हैं। मेरे दिल में कितना दर्द होता होगा, इसे मैं शब्दों में बयान नहीं कर पाऊंगा। दिल्ली में 2025 और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं।

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड

*बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। यह योजना एक मील का पत्थर साबित होगी। घर में अगर किसी बुजुर्ग के पास आयुष्मान वय वंदना कार्ड होगा तो परिवार का खर्च कम होगा और उनकी चिंता भी घटेगी।*

### किसे मिला पहला कार्ड

*पीएमजेएवाय-यूपी (आयुष्मान भारत उत्तर प्रदेश) के एक्स पेज पर एक पोस्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवरिया, उत्तरप्रदेश के लाभार्थी पंचानन शुक्ला को पहला आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदान किया।*

### जो पहले से कवर उन्हें कैसे मिलेगा लाभ

*इस योजना के तहत उन सभी वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा जो पहले से ही एबी पीएम-जेएवाय के तहत कवर हैं। उन्हें 5 लाख रुपए तक का अतिरिक्त कवर मिलेगा।*

### इनके पास क्या विकल्प

| 2 | फिंगेश्वर उपकेन्द्र | 7000893376 (ओमेश चंद्राकर JE), 8965937011 (रविशंकर बंसोड) | फिंगेश्वर शहर एवं वितरण केन्द्र के समस्त क्षेत्र |
| 3 | पुराना बस स्टैण्ड, फिंगेश्वर | 9669581718 (टिकेश्वर निर्मलकर) | फिंगेश्वर एवं आसपास के क्षेत्र |
| 4 | बासीन वितरण केन्द्र | 6260187386 (ढालेन्द्र ठाकुर, JE), 9171878068 (पन्ना राम साहू) | बासीन वितरण केन्द्र के समस्त क्षेत्र |
| 5 | वि.के. कार्यालय कौंदकेरा | 7879367788 (जॉनसन बंजारे, JE), 9770797407 (आकाश चंद्राकर) | कौंदकेरा वितरण केन्द्र के समस्त क्षेत्र |
| 6 | उपसंभाग अभनपुर | 8103023517 (अजय ठाकुर, AE), 7509358013 (मुकेश बंजारे) 8319864779 (बलराम ध्रुव) | उपसंभाग, अभनपुर के समस्त क्षेत्र अभनपुर शहर एवं वितरण केन्द्र के समस्त क्षेत्र |
| 7 | बस स्टैण्ड, अभनपुर | 8889297913 (चेतनगिरी गोस्वामी), 7697565852 (ज्ञानचंद ध्रुव) | बस स्टैण्ड, बडे उरला, शिक्षकनगर एवं आसपास के क्षेत्र |
| 8 | अभनपुर थाना ट्रांसफार्मर | 9522749322 (देवप्रसाद कुर्रे), 9691311150 (गुलाब) | थाना ट्रांसफार्मर, उपरपारा एवं अभनपुर बस्ती क्षेत्र |
| 9 | खोरपा सबस्टेशन | 7646906535 (धीरेन्द्र कुमार, JE.), 7477265636 (संतराम धीवर) | खोरपा वितरण केन्द्र के समस्त क्षेत्र |

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

(एस.के. गुप्ता)
कार्यपालन यंत्री (सं / स.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., न. राजिम

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बेमेतरा

क्र./10-33/सामा / 3834 **दिपावली ड्यूटी चार्ट की सूचना** बेमेतरा दिनांक 29/10/24

(सं./ सं.) संभाग छ. स्टे. पॉ. डिस्ट्र. कम्प. लिमि. बेमेतरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली के शुभ अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से निरंतर बनाए रखने तथा ब्रेक डाऊन होने पर अतिशीघ्र सुधार कार्य करने के उद्देश्य से निम्नलिखित अधिकारियों / कर्मचारियों की निम्नानुसार ड्यूटी लगाई जाती है। समय सायं 4. 00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक रहेगा।

| क्र. | स्थान का नाम | प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी का नाम एवं पद | मोबाईल क्रमांक | संबंधित क्षेत्र/ग्राम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नांदघाट | श्री हरीश कुमार फर्वी, कनिष्ठ यंत्री नांदघाट | 7987300656 | नांदघाट उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 2 | 2 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र टेमरी | श्री कैलाश देशमुख, ला. परि श्रेणी -01 | 9109625798 | टेमरी उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 3 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मारो | श्री जीत राम साहू लाईन मेन | 9575994767 | मारो उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 4 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बदनारा | श्री दिलीप वर्मा, लाईन परि. संविदा | 6267773008 | बदनारा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 5 | 132 के.व्ही. उपकेन्द्र नवागढ़ | श्री माहेन दास बैरागी, कनिष्ठ यत्री | 6260865917 | 132 के0व्ही० उपकेन्द्र नवागढ़ संबंधित क्षेत्र। |
| 6 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नवागढ़ | श्री नवीन कुमार वर्मा, सहायक यंत्री नवागढ़ | 8770558290 | नवागढ़ उपकेन्द्र के अंतर्गत से संबंधित क्षेत्र। |
| 7 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुटपुरा | श्री डिलेश्वर साहू, लाईन परि. श्रेणी -02 | 7000231554 | पुटपुरा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम |
| 8 | 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र छिरहा | श्री सतीश निर्मलकर, ला. परि. श्रेणी -03 | 8085807477 | छिरहा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम |
| 9 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अंधियारखोर | श्री राजसिंह ध्रुव, श्री अनुप ध्रुव | 8517898964 | अंधियारखोर उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 10 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सम्बलपुर | श्री अनिल कुमार चंद्राकर कनिष्ठ यंत्री एवं श्री संजू बछोर संबलपुर वितरण केन्द्र के समस्त लाइन स्टाफ। | 9479253855 | सम्बलपुर उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 11 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गोढ़ीकला | श्री ओमशिव नागडे ला. परि. संविदा | 9589916714 | गोढ़ीकला उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 12 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गाडामोर | श्री राजेश यादव, लाई परि. श्रेणी -01 | 9713098194 | गाडामोर उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 13 | 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र प्रतापपुर | श्रीमति कुमूद गौतम, कनिष्ठ यंत्री प्रतापपुर श्री रविशकर रात्रे, सहायक लाईन मेन | 6261066793 9340633699 | प्रतापपुर उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 14 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र चंदनू | श्री भावसिंह पाटिल, श्री हुपेश साहू | 9713857568 | चंदनू उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 15 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कुर्रा | श्री अशोक निर्मलकर, लाईन परि. श्रेणी -01 | 6232944807 | कुर्रा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |
| 16 | 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र मल्दा | श्री रिकू शर्मा, लाईन परि श्रेणी -03 | 6232944770 | मल्दा उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम संबंधित क्षेत्र। |

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

कार्यपालन यंत्री (संचा/संधा) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. बेमेतरा

## छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्री. कंपनी लिमि., राजनांदगांव

C PDCL

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

कार्या. कार्यपालन अभियंता (संधा./संचा.) संभाग, राजनांदगांव

(दूरभाष क्रमांक (07744) 225160 फैक्स नं. (07744) 225160

क्र. 013/11-00/सामान्य/5793 **आदेश** राज.दिनांक 29/10/2024

दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर दिनांक 31.10.2024 को विद्युत प्रदाय अनवरत बनाये रखने हेतु निम्नलिखित अधिकारियों का उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये स्थानों में विशेष ड्यूटी लगाई जाती है।

| स.क्र. | नाम | पद | मो. न. | ड्यूटी समय | कार्य स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री एस.पी. ठाकुर | सहायक अभियंता | 9754120529 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | आर. के. नगर सबस्टेशन |
| 2 | श्री अजय विश्वकर्मा | सहायक अभियंता | 9770720096 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | बजरंगपुर नवागांव सब स्टेशन |
| 3 | श्री अनिल कुमार रामटेके | सहायक अभियंता | 7999656010 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | नेहरू नगर सब स्टेशन |
| 4 | श्री नारायण प्रकाश वर्मा | सहायक अभियंता | 8770340999 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | ग्रामीण उपसंभाग |
| 5 | श्री रोहित मंडावी | सहायक अभियंता | 9165915291 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | कैलाश नगर सबस्टेशन |
| 6 | श्री राम कुमार साहू | सहायक अभियंता | 9424124126 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | लालबाग सबस्टेशन |
| 7 | श्री अनिल कुमार धनकर | सहायक अभियंता | 9827986172 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | सोमनी सबस्टेशन |
| 8 | श्री हिमांशु भुआर्या | सहायक अभियंता | 7987695332 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | चिखली सबस्टेशन |
| 9 | कुमारी नेहा गढ़पायले | कनिष्ठ अभियंता | 8223987044 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | मोहरा सबस्टेशन |
| 10 | श्री सिद्धार्थ सिंह | कनिष्ठ अभियंता | 8982223854 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | तुमड़ीबोड़ वितरण केन्द्र |
| 11 | श्री कीर्ति कुमार देशमुख | कनिष्ठ अभियंता | 9907246174 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | रेवाडीह सबस्टेशन |
| 12 | कुमारी एकता साहू | कनिष्ठ अभियंता | 9131705008 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | कंचन बाग सबस्टेशन |
| 13 | श्री आशीष कछवाहा | कनिष्ठ अभियंता | 7470918189 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | घुमका वितरण केन्द्र |
| 14 | श्रीमति सूरज जंघेल | कनिष्ठ अभियंता | 7000983969 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | अर्जुनी वितरण केन्द्र |
| 15 | श्री पी. एल. कंवर | कनिष्ठ अभियंता | 7587437477 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | ठेलकाडीह वितरण केन्द्र |
| 16 | श्रीमती पूजा चंद्राकर | कनिष्ठ अभियंता | 8109965442 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | सिंघोला वितरण केन्द्र |
| 17 | श्रीमति मोनिका शाह मण्डावी | कनिष्ठ अभियंता | 7646956300 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | बोरी वितरण केन्द्र |
| 18 | श्री धरमशील खोब्रागढ़े | कनिष्ठ अभियंता | 9406099940 | शाम 4:00 बजे से रात्रि 12:00 तक | टेडेसरा उपकेन्द्र |

"स्वाहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं"
"विद्युत बिलों का भुगतान नियत समय में करे और विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचे।"

आर. के. गोस्वामी
कार्यपालन अभियंता (वृत्त)
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि., राजनांदगांव

## खबर संक्षेप



### मैरिको का शुद्ध लाभ 20.27 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी मैरिको लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 20.27 प्रतिशत बढ़कर 433 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 360 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। मैरिको ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 7.6 प्रतिशत बढ़कर 2,664 करोड़ रुपये हो गई। पिछले साल समान अवधि में यह 2,476 करोड़ रुपये थी।

### केनरा बैंक का शुद्ध लाभ बढ़कर 4,015 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 4,015 करोड़ रुपये रहा। बेंगलुरु स्थित बैंक का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 3,606 करोड़ रुपये रहा था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,721 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 31,472 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक ने 29,740 करोड़ रुपये की ब्याज आय दर्ज की, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 26,838 करोड़ रुपये थी।

### स्पाइसजेट ने 310 करोड़ का बकाया टीडीएस चुकाया



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही तक 310 करोड़ रुपये का लंबित टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) बकाया चुका दिया है। आर्थिक समस्याओं का सामना कर रही एयरलाइन ने पिछले महीने 3,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। स्पाइसजेट ने बयान में कहा, ''कंपनी ने 26 सितंबर, 2024 से शुरू होकर बकाया वेतन, जीएसटी देनदारियों और भविष्य निधि (पीएफ) अंशदान समेत लंबित बकाया के मद में 600 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है।

# बाइटडांस के संस्थापक यिमिंग चीन के सबसे अमीर व्यक्ति, घटे अरबपति

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

चीन के सबसे अमीर लोगों की सूची में बाइटडांस के संस्थापक झांग यिमिंग शीर्ष पर हैं। हालांकि, सूची में शामिल कई लोगों की संपत्ति में पिछले एक साल में गिरावट आई है। हुरुन रिसर्च इंस्टिट्यूट की इस सूची के अनुसार, इस साल सूची में शामिल उद्यमियों की कुल संपत्ति तीन हजार अरब अमेरिकी डॉलर थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत कम है। अमेरिकी डॉलर में शुद्ध संपत्ति (नेटवर्थ) के आधार पर अरबपतियों की संख्या भी 142 घटकर 753 रह गई। हुरुन ने 2021 से अभी तक 1,185 अरबपतियों की गणना की है।

### बाइटडांस, डॉयिक व टिकटॉक की मूल कंपनी

हुरुन के अनुसार, बाइटडांस के झांग 49.3 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ इस साल पहली बार सूची में शीर्ष पर हैं। बाइटडांस लोकप्रिय लघु-वीडियो मंच डॉयिन और टिकटॉक की मूल कंपनी है। इसने पिछले साल अपना राजस्व 110 अरब अमरीकी डॉलर तक बढ़ाया।

**खास बातें**

- चीन में अरबपतियों की संख्या घटकर 753 रह गई
- हुरुन के अनुसार झांग की कुल संपत्ति 49.3 अरब डॉलर



### शानशान दूसरे स्थान पर खिसके

बोतलबंद पानी 'नोंगफू स्प्रिंग' के दिग्गज झोंग शानशान 2024 में 47.9 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। फरवरी में उनके ब्रांड 'नोंगफू स्प्रिंग' को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने इसकी बोतल के डिजाइन के लिए उस पर चीन से विश्वासघात करने का आरोप लगाया था। इससे 'नोंगफू स्प्रिंग' के बाजार मूल्यांकन में अरबों का नुकसान हुआ।

## संयंत्र के निवेश या स्थान का विवरण अभी नहीं आया

# द. कोरिया के पॉस्को समूह का एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए जेएसडब्ल्यू से करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया के पॉस्को समूह ने मंगलवार को सज्जन जिंदल के जेएसडब्ल्यू समूह के साथ भारत में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस संयंत्र की शुरुआती क्षमता 50 लाख टन सालाना की होगी। उद्योग के अनुमान के अनुसार, इसपर करीब 40,000 करोड़ रुपये की लागत आ सकती है। इस संबंध में जेएसडब्ल्यू समूह की ओर से जारी बयान में प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र के निवेश या स्थान का विवरण नहीं दिया गया है। उद्योग के अनुमान के अनुसार, 10 लाख टन क्षमता की नई इस्पात परियोजना पर लगभग 8,000 करोड़ की लागत आती है।

**बैटरी सामग्री व ऊर्जा क्षेत्र में भी सहयोग की रूपरेखा तैयार :** घरेलू कारोबारी घराने ने बयान में कहा, ''जेएसडब्ल्यू समूह (जेएसडब्ल्यू) ने दक्षिण कोरिया के पॉस्को समूह (पॉस्को) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें भारत में इस्पात, बैटरी सामग्री और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा तैयार की गई है। मुंबई के जेएसडब्ल्यू समूह के कॉरपोरेट मुख्यालय में जिंदल, पॉस्को के चेयरमैन चांग इन-ह्वा और दोनों व्यापारिक घरानों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**खास बातें**

- संयंत्र की शुरूआती क्षमता 50 लाख टन सालाना होगी
- इस पर करीब 40,000 करोड़ रुपए की लागत आएगी
- दोनों व्यापारिक घरानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया समझौता हस्ताक्षर किए





### भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई

जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने कहा, 'पॉस्को के साथ यह एमओयू भारतीय इस्पात उद्योग में योगदान देने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत सतत विकास के लिए जबर्दस्त अवसर प्रस्तुत करता है और पॉस्को के साथ हमारी साझेदारी उस बदलाव को आगे बढ़ाने के लिए जेएसडब्ल्यू की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।'

### हमारा लक्ष्य नया मानक स्थापित करने की

जिंदल ने कहा, 'साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य प्रौद्योगिकी और स्थिरता में एक ऐसा मानक स्थापित करना है जो भारत तथा उसके बाहर विनिर्माण के भविष्य को आकार दे सके।' यह साझेदारी भारत में 50 लाख टन सालाना की शुरुआती क्षमता वाले एक एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना पर केंद्रित होगी।

### पॉस्को का कई साल से भारत में आने की कोशिश

पॉस्को कई साल से भारतीय बाजार में उतरने की कोशिश कर रही है। इसके पहले के प्रयासों में ओडिशा में 12 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से 1.2 करोड़ टन की परियोजना स्थापित करना शामिल है। हालांकि, भूमि अधिग्रहण में अत्यधिक देरी के कारण उसे अपनी इस योजना को छोड़ना पड़ा था।

### पास्को पहले भी आरआईएनएल से करार कर चुका था

कंपनी ने अपनी हरित इस्पात संयंत्र परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के साथ अनुबंध किया। हालांकि, किस्मत ने उस समय भी पॉस्को का साथ नहीं दिया और आरआईएनएल ने 2021 में मंत्रिमंडल के निर्णय के बाद विनिवेश का रास्ता चुना।

# फर्जी कॉल, एसएमएस पर लगाम के सख्त नियमन जनवरी तक : ट्राई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने उम्मीद जताई है कि फर्जी कॉल एवं संदेशों पर लगाम लगाने से संबंधित परामर्श पत्र पर व्यापक चर्चा के बाद नियमनों को जनवरी तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

- ट्राई टेलीमार्केटिंग कंपनियों के लिए परामर्श पत्र जारी करेगा

इसके साथ ही लाहोटी ने कहा कि दूरसंचार विभाग के हालिया संदर्भ के आधार पर ट्राई टेलीमार्केटिंग कंपनियों के लिए नियामकीय ढांचे से संबंधित परामर्श पत्र को भी तैयार और जारी करेगा। दूरसंचार नियामक के प्रमुख ने कहा कि फर्जी यानी स्पैम कॉल और दुर्भावनापूर्ण/ धोखाधड़ी वाले संदेशों से निपटने के लिए नियामक ने पिछले महीनों में जो कदम उठाए हैं वे महत्वपूर्ण हैं और प्रणाली को साफ-सुथरा बनाएंगे। लेकिन उन्होंने कहा कि 'अभी और काम करने की जरूरत है। लाहोटी ने बातचीत में कहा, ''स्पैम कॉल एवं संदेशों पर हमारा परामर्श पत्र अगस्त के अंत में जारी किया गया था। हमें इसपर पहले ही टिप्पणियां मिल चुकी हैं और अब हम इनका विश्लेषण करेंगे और एक खुली चर्चा करेंगे।

### बिना पंजीकरण 10 अंक की संख्या का उपयोग

फिलहाल दूरसंचार सेवा प्रदाता ग्राहकों को असीमित कॉल के साथ कई प्लान की पेशकश करते हैं। ट्राई को ऐसा महसूस हुआ कि अलग-अलग शुल्क होने से बिना पंजीकरण वाले टेलीमार्केटर भी 10 अंक की संख्या का इस्तेमाल कर वाणिज्यिक संचार कर सकते हैं।

### अदाणी एंटरप्राइजेज लाभ आठ गुना होकर 1,741 करोड़

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में आठ गुना होकर 1,741 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी को 228 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

# दुनिया में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं: पुरी

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त रिफाइनरी क्षमता है। पुरी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि यह उनका व्यक्तिगत आकलन है कि जल्दी ही चीजें सामान्य हो जाएंगी। यह हर किसी के हित में है कि चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की की अनुमति नहीं दी जाए क्योंकि इससे हर कोई प्रभावित होगा।

केंद्रीय मंत्री ने यहां 'रोजगार मेला' को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में कहा, ''दुनिया में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है।''


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR Zone-10**
Email:-rmczone10@gmail.com

**e-Procurement Tender Notice**
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO:40 RAIPUR DATED : 28/10/2024

Online bids are invited for the following works up to Date 19/11/2024 at 17:30 hours.

| Sl No. | System Tendr No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 160693 | कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र. 54 अंतर्गत सिद्धी विनायक कालोनी में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 30.00 Lakh |
| 2 | 160620 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55 अंतर्गत हनुमान नगर कर्माधाम के पास सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य। | 40.00 Lakh |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 28/10/2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No. 18004199140* or through Email ID helpdesk.eproc @cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

ZONE COMMISSIONER ZONE-10
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

**घरेलु/कुक कार्य**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही **संपर्क करें** 9300593000. (RO-1227)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**कुक**

आवश्यकता है- इण्डियन, चाइनिस एवं तन्दुर में शेफ एवं सर्विस हेतु स्टीवर्ट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संचालक एस.एम.एम. रेस्टोरेंट मो.- 98931-39282. (आरो न.- 612)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें-** 7450945537, 9040788128.(RO-750)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9065357020 (RO-3051)

**Property**
**प्रापर्टी**

**प्लाट/जमीन**

बेचना है
एम्स से लगभग ½ कि.मी. की दूरी, मेनरोड पर 200 के फ्रंट के साथ लगभग 1,50,000 स्के.फिट कमर्शियल जमीन बेचना है
—इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें—
एस. के. शर्मा
9425503284

प्लॉट उपलब्ध है- दिवाली धमाका-दया नगर रिसाली में आवासीय डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध रेट 1299/- वर्गफ़ीट, साइज़ - 2400 एवं 900 वर्गफीट, बैंक लोन कंस्ट्रक्शन सुविधा उपलब्ध- 9589886655 /9589046655. (आरो - 609)

बेचना है
शंकर नगर मेन रोड पर 200 के फ्रंट के साथ लगभग 50,000 स्के.फिट कमर्शियल जमीन बेचना है
—इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें—
एस. के. शर्मा
9425503284

**For Rent**
**किराया**

तत्काल किराये से देना है- देवरी तरपोंगी के पास होटल / ढाबा तत्काल किराये से देना है । संपर्क करे:- मो.- 98271-66974, 95222-17771 (आरो न.- 613)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णाय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या

स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फून्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्याः इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथ्रा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रूकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)






असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
HMS देखकर खरीदें

सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली व शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन
- ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# एक ही साल में वनडे और टेस्ट दोनों में 1,000+ रन बनाने वाले भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

किसी एक साल (कैलेंडर वर्ष) में वनडे प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम पर है। उन्होंने 1998 में 1,894 रन बनाए थे। ऐसे ही एक साल में टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन पाकिस्तान के मोहम्मद युसूफ (1,788) ने बनाए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुछ ऐसे भारतीय खिलाड़ी भी हुए हैं, जिन्होंने किसी एक साल में वनडे और टेस्ट दोनों प्रारूप में 1000 से अधिक रन बनाए हैं।



## सचिन तेंदुलकर (1997)

पूर्व महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने 1997 में टेस्ट और वनडे में 1,000+ रन बनाए थे। उन्होंने उस साल 12 टेस्ट की 17 पारियों में 62.50 की औसत से 1,000 रन बनाए, जिसमें 4 शतक और 3 अर्धशतक लगाए थे। उसी साल तेंदुलकर ने 39 वनडे में 30.63 की औसत से 1,011 रन बनाए थे। उन्होंने 2 शतक और 5 अर्धशतक भी अपने नाम किए थे।

## विराट कोहली (2017 और 2018)

विराट कोहली 2 बार ऐसा कारनामा करने वाले इकलौते भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2017 में 10 टेस्ट की 16 पारियों में 75.64 की औसत से 1,059 रन बनाए थे। उसी साल 26 वनडे में उन्होंने 76.84 की औसत से 1,460 रन अपने नाम किए थे। भारतीय दिग्गज बल्लेबाज ने 2018 में 13 टेस्ट में 55.08 की औसत से 1,322 रन बनाए, जबकि 12 वनडे में 133.55 की औसत से 1,202 रन बनाए थे।



## गौतम गंभीर (2008)



पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और मौजूदा टीम के कोच गौतम गंभीर भी ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने 2008 में 8 टेस्ट की 16 पारियों में 70.87 की औसत से 1,134 रन बनाए थे। उस दौरान उन्होंने 206 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 3 शतक और 6 अर्धशतक भी लगाए थे। उसी साल गंभीर ने 27 वनडे खेले, जिसमें 46.62 की औसत के साथ 1,119 रन अपने नाम किए। उन्होंने 3 शतक भी लगाए थे।

## सौरव गांगुली (2007)



पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने 2007 में 10 टेस्ट खेले, जिसकी 19 पारियों में 61.44 की औसत के साथ 1,106 रन बनाए थे। उन्होंने 3 शतक और 4 अर्धशतक लगाए थे। उसी साल गांगुली ने 32 वनडे की 30 पारियों में 44.28 की औसत से 1,240 रन बनाए, जिसमें 12 अर्धशतक शामिल थे। दिलचस्प रूप से गांगुली ने उस साल वनडे में कोई शतक नहीं लगाया और 98 रन उनका सर्वोच्च निजी स्कोर रहा था।



## संगाकारा ने 4 बार किया है ये कारनामा

श्रीलंका के कुमार संगाकारा के नाम सबसे ज्यादा कैलेंडर वर्ष में वनडे और टेस्ट दोनों प्रारूप में 1,000 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 4 बार (2004, 2006, 2011 और 2014) ऐसा किया था।

## खबर संक्षेप



### बोपन्ना-एब्डेन ने एटीपी फाइनल्स में जगह बनाई

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सत्रांत होने वाले प्रतिष्ठित एटीपी टेनिस फाइनल्स में जगह बना ली है। नथानील लेमोन्स और जैकसन विथ्रो की जोड़ी के रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से बाहर होने के साथ बोपन्ना और एब्डेन ने टूर्नामेंट में जगह बना ली। बोपन्ना और एब्डेन ने सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी इस दौरान 43 साल 331 दिन की उम्र में दुनिया का नंबर एक बनने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना। बोपन्ना और एब्डेन ने इसके बाद मियामी ओपन का भी खिताब जीता।

भारत बनाम न्यूजीलैंड का तीसरा टेस्ट मैच 1 नवंबर से

# टीम इंडिया के सामने क्लीन स्वीप से बचने की चुनौती, न्यूजीलैंड उत्साह से भरपूर

## तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में कीवी टीम 2-0 की बढ़त में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक नवंबर से खेला जाएगा। कीवी टीम ने इस सीरीज में कमाल का खेल दिखाया है। टीम ने भारतीय टीम 2-0 से पीछे छोड़ते हुए सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। टॉम लैथम की कप्तानी में खेलते हुए कीवी टीम ने इतिहास रच दिया।

वह आखिरी मैच में भी कड़ी टक्कर देंगे। दो टेस्ट मैचों में हुई हार के बाद क्लीन स्वीप से बचने यह टेस्ट मैच टीम इंडिया के लिए किसी भी हालत में जीतना जरूरी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने सीरीज के दूसरे टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम को हराते हुए सीरीज में अजेय बढ़त हासिल की है। भारतीय टीम ने कीवी टीम के खिलाफ यहां 3 मैच खेले हैं और उसे 2 में जीत मिली है।



### वानखेड़े में न्यूजीलैंड ने जीता है सिर्फ एक टेस्ट

न्यूजीलैंड ने इस मैदान पर कुल 3 टेस्ट सभी भारतीय टीम के खिलाफ खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 1 में जीत दर्ज की है। 1998 में कीवी टीम ने इस मैदान पर भारत को 136 रन से हराया था। न्यूजीलैंड का इस मैदान पर सर्वोच्च स्कोर 298 रन रहा है। 2021 में वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में न्यूजीलैंड की टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 62 रन पर सिमटी थी, जो यहां पर सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड है।

### भारत ने इस मैदान पर जीते हैं कुल 12 टेस्ट

भारतीय टीम ने इस मैदान पर कुल 26 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 12 में जीत दर्ज की है और 7 में शिकस्त झेली है। यहां पर भारत के 7 टेस्ट ड्रॉ पर भी समाप्त हुए हैं। भारत ने इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर 631 रन बनाया है, जो 2016 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाया था। भारत ने इस मैदान पर अपना सबसे कम स्कोर 100 रन बनाया है। यहां टॉस की भूमिका काफी अहम रहती है। कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना पसंद करते हैं।

महिला क्रिकेट

# मंधाना ने ठोका शतक, भारत ने न्यूजीलैंड से श्रृंखला जीती




एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

स्मृति मंधाना की शतकीय पारी के दम पर भारत ने मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की महिला एक दिवसीय श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम किया। भारत ने न्यूजीलैंड को 232 रन पर आउट करने के बाद 45.2 ओवर में चार विकेट खोकर 236 रन बनाए। मंधाना ने 122 गेंद की पारी में 100 रन बनाने के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 70) के साथ 117 रन की शानदार साझेदारी की। शेफाली वर्मा ने 12 और यास्तिका भाटिया ने 35 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए ब्रुक हैलिडे ने 86 रन की शानदार पारी खेली। अनुभवी दीप्ति शर्मा ने तीन जबकि प्रिया मिश्रा ने दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 49.5 ओवर में ऑल आउट कर दिया। न्यूजीलैंड के लिए हान्ना रो ने दो जबकि कप्तान सोफी डिवाइन और फ्रान जोनास ने एक-एक विकेट चटकाये।

- तीन मैचों की सीरीज को किया 2-1 से अपने नाम




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 8720008800, 7970005301

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com

Embassy

# विरासत

**छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा**



बिन्नी बाई सोनकर

प्रगट चारि पद धर्म के कलि महुं एक प्रधान । जेन केन बिधि दीन्हें दान करइ कल्यान ॥
उत्तर कांड, 103 (ख) श्रीरामचरित मानस

अर्थ- धर्म के चार चरण यानी सत्य, दया, तप और दान प्रसिद्ध हैं। इनमें से कलियुग में एक दानरूपी चरण ही प्रधान है। किसी प्रकार से भी दिए जाने पर दान कल्याण ही करता है। जो हम देते हैं वो ही हम पाते हैं। दान के विषय में यह बात हम सभी जानते हैं। दान, अर्थात देने का भाव, अर्पण करने की निष्काम भावना। दान की महिमा तभी होती है, जब वह निस्वार्थ भाव से किया जाता है। अगर कुछ पाने की लालसा में दान किया जाए तो वह व्यापार बन जाता है। देना उतना जरूरी नहीं होता जितना कि 'देने का भाव'। छत्तीसगढ़ की पावन धरा से अनेक महादानी विभूतियों ने जन्म लिया। इस माटी में जन्में दानवीरों ने पूरे जगत में नाम कमाया। इन्हीं दानवीरों में शामिल त्याग और सेवा की मूर्ति बिन्नी बाई ने मरीजों के परिजनों के लिए धर्मशाला निर्माण करवाया, शिव मंदिर बनवाया, साग भाजी बेचकर जीवन यापन करने वाली बिन्नी बाई की दानशीलता पर तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सम्मान निधि और विशिष्ट नागरिक का दर्जा देने का ऐलान किया लेकिन बिन्नी बाई ने इसे लेने से इंकार कर दिया।



अपनी कड़ी मेहनत से जोड़ी पाई-पाई की राशि को जनसेवा में समर्पित करने वाली नगरमाता स्वर्गीय श्रीमती बिन्नी बाई सोनकर जी को मैं सादर नमन करता हूं। बिन्नी बाई सोनकर जैसे महान विभूतियों ने स्वयं निरक्षर होते हुए भी शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण का आदर्श प्रस्तुत किया है। नगर माता स्वर्गीय श्रीमती बिन्नी बाई सोनकर का यह महान त्याग और सेवा भाव हम सब के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।
जय हिंद... जय छत्तीसगढ़, नगरमाता को सादर नमन
-विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़


# त्याग और करुणा की देवी नगरमाता बिन्नी बाई

## गरीब परिवार में जन्म

बिन्नीबाई का जन्म 1927 में परंपरागत रूप से बाड़ी में सब्जी-भाजी उत्पन्न करने और बेचने वाले सोनकर परिवार में हुआ था। बिन्नी बाई, पिता घुटरू सोनकर की एकमात्र संतान थी। रायपुर के कुशालपुर, भाठागांव आदि जगहों में सोनकर समाज के लोग रहते हैं। सब्जी-भाजी का उत्पादन और विक्रय ही उनका मुख्य व्यवसाय है। अधिकांश खाते-पीते परिवार हैं, सपरिवार बाड़ियों में मेहनत करते हैं। पसीना बहाकर उन्होंने अब अच्छी संपत्ति भी अर्जित कर ली है। घुटरूराम के पास जितनी जमीन थी, वह तीन लोगों के लिए पर्याप्त थी। बचपन से ही बिन्नी खेती-बाड़ी के कार्यों में माता-पिता का हाथ बंटाती थीं।

## कम उम्र में शादी फिर अलगाव

बिन्नी बाई का विवाह भी अल्पायु में हो गया था। ससुराल में भी सब्जी-भाजी का व्यवसाय था। नई-नवेली बहू बिना किसी संकोच के पति और सास के साथ खेती-बाड़ी में मदद करने लगी। लेकिन उनकी गृहस्थी की गाड़ी लंबे समय तक नहीं चल पाई। पति से अलग होने के बाद अपनी नवजात बिटिया के साथ बिन्नी बाई, पिता के घर आ गई। एक बेटे की तरह बिन्नी बाई अपने पिता का सहारा बनी। परिश्रम से तो उनका पुराना नाता था ही, पति विछोह को भूलने का मार्ग उन्होंने सब्जी की बाड़ियों में खोज निकाला। माता-पिता के निधन के बाद सारी जिम्मेदारियां बिन्नी बाई पर आ गईं। उचित समय पर बिन्नी बाई ने अपनी एकमात्र कन्या का विवाह भी कर दिया। नाटे कद की बिन्नीबाई को देखकर यह अनुमान लगाना कठिन था कि उनके इरादे कितने बुलंद हो सकते हैं। बेटी के विवाह के बाद बिन्नी बाई रायपुर के सोनकर पारा के घर में अकेली ही रह गईं। धूप और वर्षा की परवाह किए बगैर वे अपने कारोबार में लगी रहतीं। दिन में दो बार बाजार जाने के अलावा बाड़ी की देखभाल भी वे अकेले ही करतीं।




## खुद अनपढ़ थीं लेकिन शिक्षा का महत्व पहचाना

बिन्नी बाई धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। उन्होंने रायपुर के लोहारचौक में शिवजी का एक मंदिर बनवाया था। समाज के सालाना अधिवेशन में वे एक दिन पूरे सोनकर समाज को भोज देतीं। 1991 में उन्हें पता चला कि रामकुंड में बच्चों के लिए कोई स्कूल नहीं है। बिन्नीबाई ने जमीन खरीद कर स्कूल भवन का निर्माण करा दिया। खुद अनपढ़ थीं पर शिक्षा का मोल वे जानती थीं।




## सम्मान राशि लेने से इंकार

धर्मशाला के लोकार्पण कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बिन्नी बाई को हर महीने एक हजार पेंशन देने का ऐलान किया। इस पर बिन्नी बाई ने सम्मान राशि लेने से सार्वजनिक तौर पर इंकार कर दिया। बिन्नी बाई ने कहा कि **मे ह चटनी-बासी खा के गुजारा करथौं, मोला रुपिया-पईसा के कोनो जरूरत नइ हे। अइसन काम बर कहूं अउ रुपिया के जरूरत होही तउनो ला मंय दे हौं।** मुख्यमंत्री सहित तमाम गणमान्य लोगों के सामने किसी को भी बिन्नी बाई के ऐसे उत्तर की उम्मीद नहीं थी। स्वभाव से स्पष्टवादी बिन्नी बाई जो भी बात मन में होती तो साफ शब्दों में कह देती थी।

## सादा-सरल और अनुशासित जीवन

बिन्नी बाई व्यक्तिगत तौर पर सीधा सादा जीवन व्यतीत करती थीं। वे चाहतीं तो अपने लिए अच्छा सा घर बनवा सकती थीं, लेकिन वे आजीवन अपनी झोपड़ी में ही रहीं। अपने परिश्रम से कमाए हुए एक-एक पैसे का हिसाब रखतीं और खर्च भी काफी संभालकर करती थीं। जब उम्र ज्यादा होने लगी तो उन्होंने अपनी जमा-पूंजी जन कल्याण के कार्यों में लगाने का फैसला लिया। बिन्नी बाई के मन में ख्याल आया कि **'आखिर ए सब मैं काकर बर करत हौं' आखिर अतका पइसा ल मैं का करहूं? नता-गोता मन तो मोर ए पइसा खातिर लड़ई-झगरा मता डारहीं। तेकर ले कुछ अइसे करे जाय जेकर ले गरीब-गुरबा मन के मदद हो जाय, मैं उंकर सहारा बन जावंव।**

## हरि ठाकुर के 'धान के कटोरा' में बिन्नी बाई

1997 में प्रसिद्ध इतिहासकार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और अब दिवंगत हरि ठाकुर का छत्तीसगढ़ी में काव्य संग्रह धान के कटोरा प्रकाशित हुआ था। यह संग्रह उन्होनें बिन्नी बाई को संमर्पित किया था। संग्रह में एक कविता बिन्नी बाई पर भी थी

*कस ओ बिन्नीबाई*
*तैं कहां पाये अतेक बड़ मन*
*पहिरे बर सौ रुपट्टी के लुगरा*
*अउ दान करे बर दस लाख रुपिया!*
*तोर मन ह कचोटिस काबर नही?*
*अपन सरी संपत्ति ल बेंचे के*
*करोड़पति घलो नइ करंय दान।*

दिवंगत हरि ठाकुर के बेटे आशीष सिंह ठाकुर बताते हैं कि उनके पिताजी के निधन के बाद 4 दिसंबर 2001 को कड़कड़ाती ठंड में बिन्नी बाई उनके घर पहुंची थीं। हरि ठाकुर भी उन्हे मातृवत स्नेह करते थे। 16 अगस्त 2003 में हरि ठाकुर स्मारक संस्थान की स्थापना हुई। इस कार्यक्रम में संस्कृति मत्री धनेंद्र साहू की मौजूदगी में बिन्नी बाई ने कहा था- बहुत बड़े आदमी रहिस, तभो हजारों के भीड़ मं मोर पांव परय, मोर हाथ धर के मंच मं अपन तीर बइठावय अउ माला पहिरावय। ओखरे कस तुहू मन नाम कमावव।

## 'नगरमाता' का सम्मान



1998 में रायपुर नगर निगम के तत्कालीन महापौर बलवीर जुनेजा की पहल पर बिन्नीबाई को 'नगर माता की उपाधि से विभूषित किया गया। बिन्नीबाई सर्वथा उसी योग्य थीं भी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रथम वर्षगांठ के मौके पर छत्तीसगढ़ शासन ने उन्हें प्रथम 'मिनी माता सम्मान से सम्मानित किया। रायपुर के अलावा बिलासपुर, भिलाई और दुर्ग की संस्थाओं ने भी बिन्नीबाई का अभिनंदन किया।

### जोगी ने दी थी 'दानवीर' की उपाधि



बिन्नी बाई ने लोहार चौक में शिव जी का मंदिर बनवाया। हर साल समाज के लिए भोजन का प्रबंध करवाती थी। बिन्नी बाई के नाम से भाटागांव में एक सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल का निर्माण हुआ। बिलासपुर में उनके स्वागत के लिए एक कार्यक्रम हुआ, जिसमें उन्होंने मौखिक दान दिया था।
-डॉ. सुखनंदन सोनकर, वरिष्ठ समाजसेवी

### दान से ही भगवान प्रसन्न होते हैं




पहले उन्होंने अस्पताल में 10 लाख रुपए दान किया। मैने उनकों कहा दान से ही पूण्य बढ़ता है और दान से ही भगवान प्रसन्न होते हैं। पहले उन्होंने रामकुंड में धर्मशाला बनवाई थी जो ठीक से नहीं बना था उसके के बाद उन्होंने दूसरी धर्मशाला बनवाई। धर्मशाला बनवाने के बाद उन्होंने रामकुंड में ही स्कुल बनवाया।
-रामबिशाल सोनकर
बिन्नी बाई के भतीजे

### सामाजिक कार्यों में लगाया जीवन



बिन्नी बाई ने जीवनभर अकेले संघर्ष किया। उनके स्वभाव में बनावटीपन बिल्कुल नहीं था। सभी से अच्छा व्यवहार उनके स्वभाव में शामिल था। उनकी व्यवहारकुशलता ने उन्हें सभी का प्रिय बनाया। उन्होंने अपना सारा जीवन सामाजिक कार्यों में लगा दिया।
डॉ. अशोक सोनकर, चिकित्सक, समाजसेवी

### लोगों की तकलीफ को पहचाना



बिन्नी बाई ने बाहर गांवों से आने वाले मरीज और उनकी परिवारों की तकलीफ को पहचाना और मेकाहारा अस्पताल में धर्मशाला बनवाने का फैसला किया। उनके फैसले से हजारों परिवारों को राहत मिली। उनका किया हुआ दान धनाढ्य और पूंजीपति वर्ग के लिए तमाचे के समान है।
-जागेश्वर सिंह, छत्तीसगढ़ आंदोलन के प्रणेता

### धर्म-कर्म में आस्था



बिन्नी बाई के माता- पिता कृषि और साग-सब्जी का व्यापार करते थे। बचपन से ही बिन्नी बाई ने इस काम में रुचि ली। बच्चे अनपढ़ ना रहें इसके लिए बिन्नी बाई ने स्कूल का निर्माण करवाया। धर्म-कर्म में आस्था भी शुरु से ही थी, इसलिए शिव मंदिर का निर्माण करवाया।
-शारदा प्रसाद, अध्यक्ष, सोनकर समाज

## नल कनेक्शन तक लेने से इंकार

नगरमाता बिन्नीबाई की दानशीलता के लिए अनेक समाजसेवी संस्थाओं ने भी उनका सम्मान किया, जिनमें लायंस क्लब भी शामिल है। लायंस क्लब में हुए कार्यक्रम में बिन्नी बाई ने कहा कि- मैं पढ़ी-लिखी नहीं हूं। मुझे बोलना नहीं आता, लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि इंसान को इंसान की सेवा करनी चाहिए। बिन्नी बाई जीवन भर सरकारी मदद या किसी सहायता से बचती रहीं। प्रशासन ने जब उनके लिए नल कनेक्शन लगवाना चाहा तो बिन्नी बाई ने मना कर दिया और कहा कि - मोला एक घघरी पानी की जरूरत हे, मे ह नल कनेक्शन लेके का करहूं।

## अस्पताल के पास बनवाई धर्मशाला

साल 1992-93 की बात है। बिन्नी बाई मेडिकल चेक-अप के लिए मेकाहारा गई थीं, तभी मेकाहारा अस्पताल के बाहर इलाज करवाने आए लोगों पर उनकी नजर पड़ी। दूर-दराज के गांवों से इलाज के लिए आए मरीज और उनके परिवारवाले खुले में ही खाना पका रहे थे। उन लोगों के लिए रहने ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं थी। ये देखकर बिन्नी बाई बहुत दुखी हुईं और उनकी भलाई के लिए कुछ करने की ठानी। इन लोगों की परेशानी दूर करने के लिए बिन्नी बाई ने धर्मशाला बनवाने का संकल्प लिया। उन्होंने अस्पताल के तत्कालीन सुपरिटेंडेंट डॉक्टर भोला और डीन डॉ मुखर्जी से चर्चा की। अस्पताल परिसर में धर्मशाला निर्माण के लिए शासन से अनुमति होनी जरूरी थी, जिसके लिए उन्होंने जेएल बोस से मुलाकात की। 10 नवंबर 1994 को आयुक्त कार्यालय में बैठक हुई। यहां बिन्नी बाई ने 10 कमरों के सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। नियमों के मुताबिक एक महीने में बिन्नी बाई ने 10 लाख रुपए अस्पताल प्रशासन के पास जमा कर दिए। 1995 में कलेक्टर डीपी तिवारी ने अस्पताल के सामने झोपड़पट्टी हटवाकर जगह धर्मशाला निर्माण के लिए दी। भूमिपूजन तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अशोक राव ने किया। धर्मशाला भवन का निर्माण लोकनिर्माण विभाग ने किया। 6 सितंबर 1996 को अविभाजित मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बिन्नी बाई सोनकर धर्मशाला का लोकार्पण किया।



## एक और धर्मशाला का निर्माण




अक्टूबर 1997 में बिन्नी बाई ने तत्कालीन शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा के सामने अस्पताल परिसर में अपने माता-पिता के नाम पर एक और धर्मशाला बनाने के लिए 5 लाख रुपए दान करने की घोषणा की। इस बार निर्माण रायपुर विकास प्राधिकरण के माध्यम से करवाया गया। 1998 में शासन के अनुरोध पर खुद बिन्नीबाई ने ही धर्मशाला का उद्घाटन किया था। वह धर्मशाला उनके माता-पिता के नाम पर है।

### 'ज्यों की त्यों धरि दीनी चदरिया'

अगस्त 2004 में नगरमाता बिन्नीबाई की तबीयत खराब हुई तो उन्हें मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया। डॉक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और 20 अगस्त 2004 को वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली।

inh न्यूज पर आज रात 8.00 बजे

### जनसेवा में लगाई जीवन भर की कमाई



बिन्नी बाई ने जीवन भर सब्जी बेचकर पैसे कमाए और उसे जनसेवा मे लगाया। बड़े- बड़े अरबपति लोग धर्मशाला नहीं बनवा पाए। लेकिन बिन्नी बाई ने ना केवल धर्मशाला बनवाई साथ ही स्कूल बनवाकर जनहित में बड़ा काम किया। बिन्नी बाई जी निश्चित रुप से छत्तीसगढ़वासियों के लिए स्मरणीय और पूजनीय है।
-डॉ. रमन सिंह, स्पीकर, छग. विधानसभा

### बिन्नी बाई का जीवन प्रेरणादायी



बिन्नी बाई सोनकर ने पाई-पाई जोड़कर अपनी संपति को बेचकर करके जितना पैसा इकट्ठा किया था, उसे जनहित में लगाया। बिन्नी बाई ने मंदिर निर्माण कराया। अस्पताल में धर्मशाला बनवाई और बच्चों के लिए स्कूल खुलवाया। उनकी दानशीलता से प्रभावित होकर सरकार ने नगर माता का दर्जा दिया। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायी है।
-टंकराम वर्मा,राजस्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

### बिन्नी बाई से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए



बिन्नी बाई सोनकर ने सब्जी बेचकर पैसे इकट्ठे किए थे। उनके मन में शिक्षा के प्रति इतना ज्यादा लगाव था कि उन्होंने अपनी जमापूंजी देकर स्कूल भवन के लिए बिल्डिंग बनवाई। अपनी जमापूंजी को उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में खर्च किया। वास्तव में हमें बिन्नी बाई के व्यक्तित्व और कार्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत है।
-बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर सांसद

### देवी का स्वरुप थीं बिन्नी बाई



नगर माता बिन्नी बाई सोनकर देवी का स्वरूप थीं। अपने जीवन में उन्होंने अधिक संघर्ष किया। सामाजिक सरोकार उनके अंदर कूट-कूटकर भरा हुआ था। बिन्नी बाई के जीवन से हमें कुछ सीखने की जरूरत है। बिन्नी बाई ने किसी के सामने हाथ नहीं फैलाए।
-सुनील सोनी, पूर्व सांसद, रायपुर

### गरीबों की सेवा में लगाई जीवन



सेवा की मूर्ति थीं बिन्नी बाई बिन्नी बाई सोनकर को पूरा छत्तीसगढ़ जानता है। उन्होंने गरीबों की बहुत सेवा की उस समय मेरे बड़े भाई बलवीर जुनेजा महापौर थे, जिन्होने सेवा में कई बार उनका सहयोग भी किया। भाई साहब ने कई बार सेवा में उनका सहयोग भी किया और नगर माता की उपाधि भी दी।
-कुलदीप जुनेजा, पूर्व विधायक, कांग्रेस

### बिन्नी बाई की दानवीरता को प्रणाम



बिन्नी बाई ने जिस तरह सामाजिक क्षेत्र में योगदान दिया उसके कारण नगर माता की उपाधि दी गई। हमारे छत्तीसगढ़ और समाज के लिए बिन्नी बाई सोनकर अमर हो गई। मैं उन्हें नमन करता हूं।
-धनेंद्र साहू, पूर्व विधायक, कांग्रेस

### बिन्नी बाई की जीवनी नहीं बल्कि फिलॉसफी



बिन्नी बाई सोनकर हम सबके लिए एक बहुत बड़ी उदाहरण है। बिन्नी बाई की जिंदगी मात्र जीवनी नहीं थी वो एक जीवन शास्त्र या फिलॉसफी थी। वे हम लोगों को जीने का तरीका सीखा गयी हैं। बिन्नी बाई ने साग सब्जी बेची और पैसा इकट्ठा कर दान कर दिया।
-अमित जोगी, प्रदेश अध्यक्ष, जेसीसीजे

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com